हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 1 जून 2026

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बहाई जा रही विकास ...
13 कुगदा में शराब दुकान हटवाने के लिए दिया...





# अधंड़ से चरमराई व्यवस्था, शाम से रात 2 बजे तक बिजली रही बंद

**रातभर उनींदी रहे लोग, सुपेला, रामनगर से लेकर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत कई गांव प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अंधड़ ने बिजली व्यवस्था चौपट कर दी है। शनिवार की शाम अंधड़ चली शहर से लेकर गांव तक ब्रेक डाउन हो गया। कई घंटे तक बिजली बंद रही। सुपेला, रामनगर और चंद्रनगर, लोकनगर उमरपोटी कालोनी आदि क्षेत्रों में तो शाम से लेकर रात 2 बजे तक बिजली बंद रही। जिसकी वजह से लोगों को उनींदी होकर गुजारनी पड़ी। पिछले 15 दिनों से बिजली की समस्या रोज की बात हो गई है। जैसे ही मौसम बदलता है बिजली बंद कर दी जाती है लेकिन तेज हवाएं थमने के बाद भी कई घंटों तक बिजली शुरू नहीं की जाती। भीषण गर्मी में जहां लोगों को आधा घंटे बिना पंखे, एसी-कूलर के रहना मुश्किल हो गया है वहां बिजली इस तरह कभी भी बंद होने से यह अदांजा लगाया जा सकता है कि लोगों को किस तरह दिक्कतें उठानी पड़ रही है।



### इन क्षेत्रों में रात 2 बजे तक बिजली रही बंद

भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत सुपेला, वैशालीनगर, रामनगर, शांतिनगर, संजयनगर और इससे लगे क्षेत्रों में शनिवार की शाम बिजली बंद थी वह रात 1 बजे आई। इसी तरह दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत चंद्रनगर, लोकनगर, शुभ नगर, कबीरनगर, न्यू नेहरूनगर, वेदांत नगर फेस वन व टू उमरपोटी और इससे लगे दर्जनभर कालोनियों में शाम को बिजली बंद रही जो रात 2 बजे आई। बताया जाता है कि शुभ नगर कोलानी उमरपोटी में डीओ टूटकर दूसरे फेस में चला गया। जिसे सुधारने में ही बिजली विभाग संधारण करने में ही कई घंटे लगा दिए।

### ठेके पर लाखों रुपए खर्च पर रात फाल्ट नहीं सुधरता

विद्युत वितरण कंपंनी के पास स्वयं के तकनीकी कर्मचारियों की कमी है। इसलिए कंपंनी ने बिजली फाल्ट सुधारने के लिए ठेका दे रखा है। लेकिन जब भी बिजली की समस्या रात में आती है ठेका कर्मी सुधारने के लिए तत्परता नहीं दिखाते। लाइन सुधार के नाम पर बिजली कंपंनी लाखों रुपए का भुगतान ठेका कर्मियों को कर रही है। प्रभावित बिजली उपभोक्ताओं ने बताया जब भी बिजली की समस्या आती है तो बिजली कार्यालय के शिकायती फोन नंबर पर कॉल करते है। वहां कोई फोन उठाता नहीं है। कभी-कभार फोन कोई उठा लिया तो यही जबाब मिलता है कि सभी फील्ड पर गए हैं। शिकायत भी दर्ज नहीं करते। इस तरह मनमानी चल रही है।

### शहर से लेकर गांव तक बिजली सप्लाई ध्वस्त

बिजली समस्या केवल मौसम खराब होने पर ही नहीं आ रही है बल्कि दिन में कभी भी बंद हो जाती है। शहर से लेकर गांव तक बिजली सप्लाई ध्वस्त सी चल रही है। सुपेला, छावनी, नंदिनी रोड, रिसाली, मरौदा, नेवई, दुर्ग शहर में बिजली हर रोज आ-जा रही है। पाउवारा,पुरई, बोरीगारका, सेलूद, फुंडा, ढ़ौर, बेंद्री, घुघवा, करसा, औंधी से लेकर अमलेश्वर तक बिजली की समस्या से लोग जूझ रहे हैं।

### एक फेस कभी भी गायब

उपभोक्ताओं ने बताया कि इन दिनों एक फेस कभी भी चली जा रही है। लो वोल्टेज की समस्या भी है। इस तरह एक तरफ बिजली बंद तो दूसरी तरफ एक फेस नहीं होने की समस्या बनी हुई है। किसी कमरे में लाईट रहती है तो किसी में नहीं। किसी कमरे में पंखे चलते हैं तो दूसरे में नहीं। घर का पूरा कामकाज प्रभावित हो रहा है।

### पढ़ाई करना हुआ मुश्किल

उपभोक्ताओं ने बताया कि इन दिनों कई तरह के इंट्रेंस एक्जॉम की तैयारी विद्यार्थी कर रहे हैं। बीएड, डीएलएड, पीएसपी आदि परीक्षाएं जून के पहले व दूसरे सप्ताह में होना है। परीक्षा करीब है इसलिए विद्यार्थी इसकी तैयारी कर रहे हैं लेकिन बिजली की वजह से वे काफी परेशान हैं। दिन में हो या रात में जब घंटों बिजली बंद की जा रही है तो विद्यार्थियों एकाग्रचित होकर पढ़ाई नहीं कर पाते। एसी-कूलर और पंखे के नहीं चलने से छोटे बच्चों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य खराब होने लगे हैं।

**डीओ दूसरे फेस में गिरा**

"शुभनगर में डीओ टूटकर दूसरे फेस में गिर गया था। इसकी वजह से रात 2 बजे तक बिजली कालोनी क्षेत्रों में नहीं थी। इसके पहले शाम को अंधड़ की वजह से ब्रेक डाउन लिया गया था जो एहतियातन सभी क्षेत्रों के लिए था।

-वाई, परस्ते, जेई विद्युत वितरण कंपंनी उतई डीसी

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध शराब के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम मलपुरी खुर्द नंदिनी निवासी लक्की गेण्ड्रे , गौकरण बंजारे को पकड़ा गया। युवकों के पास से 40 पौवा देशी मदिरा शराब 4, हजार रुपए का जब्त किया। एक बाइक भी बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 34 हजार रुपए आंकी गई है। नंदिनी पुलिस थाना क्षेत्र की घटना है।

### वाहन चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे, भेजा जेल



**भिलाई।** वाहन चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम चोंगीखपरी जिला बेमेतरा निवासी प्रियंका निषाद 30 मई को डी.एल.एड प्रथम वर्ष की परीक्षा जे.आर.डी. स्कूल दुर्ग पहुंची थी। जहां स्कूल गेट के पास वाहन सीजी 07 सीएस 3289 को रखी थी। पेपर देने के बाद वापस लौटी तो उक्त जगह पर उसका वाहन गायब मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद वाहन नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत किया। मुखबिर की सूचना पर बस स्टैंड दुर्ग के पास स्कूटी बेचने के लिये युवक ग्राहक की तलाश कर रहा था। जिसे घेराबंदी कर पकडा गया पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम एचआईजी सेक्टर 06 देवेन्द्र नगर रायपुर निवासी अभिषेक एम जोशी बताया है। वाहन की कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है।

# दुर्ग जिले में होंगे 739.38 करोड़ रुपए के विकास कार्य

**सीएम साय ने 251 लोक-कल्याणकारी कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन**

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और पारेषण अधोसंरचना को मिलेगी नई दिशा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत दुर्ग जिले के झाडू राम देवांगन स्कूल प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय विशाल समाधान शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुल 739 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री द्वारा जिले को सुदृढ़ बनाने के लिए कुल 362 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत के 98 महत्वपूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें आम जनता को समर्पित किया गया। इसके साथ ही, भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से कुल 376 करोड़ 92 लाख रुपए की अनुमानित लागत वाले 153 नए जनकल्याणकारी विकास कार्यों का भूमिपूजन व शिलान्यास भी हुआ।*

लोकार्पण कार्यों में प्रमुख रूप से दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय जेल दुर्ग परिसर में 8.52 करोड़ रुपये की लागत से आवास निर्माण कार्य, 2.32 करोड़ रुपये की लागत से दुर्ग जेल में 50 बंदी क्षमता वाले 04 नाग बैरक का निर्माण, 4.03 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न वार्डों में पेवर ब्लॉक एवं डामरीकरण कार्य, 4.85 करोड़ रुपये की लागत से गंजपारा चौक से शिवनाथ नदी तक मार्ग उन्नयन कार्य तथा 1.49 करोड़ रुपये की लागत से इंडोर स्वीमिंग पूल निर्माण कार्य जनता को समर्पित किए गए। वहीं दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में शिवनाथ नदी पर अनेक उच्चस्तरीय पुलों एवं पहुंच मार्गों का निर्माण पूरा होने से क्षेत्रीय आवागमन को नई गति मिलेगी। इनमें कोटनी के समीप शिवनाथ नदी पर लगभग 19.03 करोड़ रुपये, अंजोरा-चंगोरी-भरदा मार्ग पर लगभग 18.72 करोड़ रुपये तथा रूद्रा-धीरी मार्ग पर लगभग 13.95 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पुल प्रमुख हैं। इसके अलावा अंडा में 25.23 करोड़ रुपये की लागत से 132 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना से विद्युत अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी। रिसाली क्षेत्र में 2 करोड़ रुपये की लागत से प्रमुख मार्गों का विद्युतीकरण कार्य तथा विभिन्न नगरीय अधोसंरचना परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया।

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम भिलाई के अंतर्गत लगभग 9.77 करोड़ रुपये की लागत से चार नवीन ओवरहेड सर्विस रिजर्वायर निर्माण कार्य तथा 1.93 करोड़ रुपये की लागत से क्लियर वाटर राइजिंग मेन परियोजना का लोकार्पण हुआ, जिससे पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ आधार मिलेगा। अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 66.70 करोड़ रुपये की लागत से रायपुर पुल (पीजीसीआईएल-धमधा) से केंदपुर तक 220 केवी विद्युत पारेषण लाइन परियोजना तथा 2.83 करोड़ रुपये की लागत से जल संसाधन विभाग की नहर लाइनिंग एवं जीर्णोद्धार परियोजना का लोकार्पण किया गया। वहीं पाटन विधानसभा क्षेत्र में शासकीय चंदूलाल चंद्राकर पीजी कॉलेज परिसर में लगभग 38.78 करोड़ रुपये की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, इंडोर स्टेडियम एवं स्टाफ क्वार्टर निर्माण कार्य का लोकार्पण हुआ। इसके अतिरिक्त ठाकुराइन टोला घाट में लगभग 19.40 करोड़ रुपये की लागत से लक्ष्मण झूला निर्माण तथा 9.25 करोड़ रुपये की लागत से विद्युत पारेषण लाइन संबंधी महत्वपूर्ण परियोजनाएं भी जनता को समर्पित की गईं। साजा विधानसभा क्षेत्र में भी मुख्यमंत्री श्री साय ने लगभग 16.41 करोड़ रुपये तथा 15.82 करोड़ रुपये की लागत से शिवनाथ नदी पर निर्मित दो उच्चस्तरीय पुलों का लोकार्पण किया। साथ ही 30 करोड़ रुपये की लागत से सेमरिया (लिटिया) में अति उच्च दाब विद्युत उपकेंद्र तथा लगभग 4.96 करोड़ रुपये की विद्युत लाइन परियोजना का भी लोकार्पण किया गया, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में 3.92 करोड़ की लागत से तांदुला परियोजना अंतर्गत आनन्दगांव माइनर के रिमांडलिग एवं लाइनिंग कार्य तथा 4.24 करोड़ रुपए की लागत से हसदा नाला में उभरा स्टापडेम कम रपटा निर्माण कार्य के साथ साथ कई लोक कल्याणकारी कार्यों का लोकार्पण संपन्न हुआ।

**362 करोड़ 46 लाख रुपए के 98 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 376 करोड़ 92 लाख रूपए के 153 कार्यों का हुआ भूमिपूजन**



भूमिपूजन के दौरान मुख्यमंत्री साय, केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, ईश्वर साहू, महापौर अल्का बाघमार, शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय, प्रीतपाल बेलचंदन आदि जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, सड़क चौड़ीकरण और आयुर्वेद हॉस्पिटल बनेंगे

दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के लिए 129.50 करोड़ रुपये की लागत से 77 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) निर्माण, 16.29 करोड़ रुपये की लागत से इंदिरा मार्केट मल्टीलेवल पार्किंग, 13.64 करोड़ रुपये की लागत से गुंडरदेही रोड से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय और पोटिया चौक तक सड़क चौड़ीकरण, 12.14 करोड़ रुपये की लागत से नालंदा परिसर निर्माण तथा 11.02 करोड़ रुपये की लागत से राजेंद्र पार्क चौक से अंडरब्रिज तक फोरलेन सड़क निर्माण जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं शामिल हैं। 16.53 करोड़ रुपए की लागत से चंडी मंदिर से नया पारा मार्ग निर्माण, 10.50 करोड़ रुपये की लागत से 30 बिस्तर आयुर्वेद हॉस्पिटल निर्माण, इसके अतिरिक्त 11.36 करोड़ रुपये की लागत से मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी एवं कम्पोस्ट प्लांट की स्थापना तथा शहर के विभिन्न वार्डों में लगभग 9.99 करोड़ रुपये की लागत से नाली, सड़क और अधोसंरचना विकास के साथ-साथ अनेक कार्यों का भूमिपूजन किया गया। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में भिलाई स्थित छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर में छात्र एवं छात्राओं के लिए 100-100 सीटर छात्रावासों के निर्माण, दुर्ग-जालबांधा मार्ग पर लगभग 7.31 करोड़ रुपये की लागत से उच्चस्तरीय पुल निर्माण तथा रिसाली नगर निगम क्षेत्र में लगभग 17.24 करोड़ रुपये की लागत से प्रमुख सड़कों के विकास एवं चौड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

### विकास को मिलेगी नई गति

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में जवाहर मार्केट के उन्नयन और विकास के लिए 6.38 करोड़ रुपये, 3.08 करोड़ रुपये की लागत से 2×5 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर स्थापना, तथा विभिन्न क्षेत्रों में सीवरेज, नाली कवरिंग और सौंदर्यीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। वहीं अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में दुर्ग-धमधा-बेमेतरा राज्य मार्ग पर लगभग 9.75 करोड़ रुपये तथा 6.56 करोड़ रुपये की लागत से दो मध्यम पुलों के निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई। साजा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 6.69 करोड़ रुपए की लागत से दुर्ग जालबांधा मार्ग में सेवती के पास उच्च स्तरीय पुल के निर्माण कार्य का तथा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 4.23 करोड़ रुपए की लागत से बरगांव नाला व्यपवर्तन एवं नहर लाइनिंग और जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, नगरीय अधोसंरचना तथा विद्युत पारेषण से जुड़ी इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से जिले के समग्र विकास को नई गति मिलेगी तथा आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# ठेका कंपनी और ट्रांसपोटर्स पर पुलिस का शिकंजा, मैग्नेटिक क्रेन से लोहा लोड कराने वाला सुपरवाइजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बीएसपी से करोड़ों रुपए का लोहा पार होने के मामले में पुलिस अब तक 6 आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। अभी भी मामले का मास्टर माइंड संजय सिंह व अन्य फरार हैं। इसके साथ ही पुलिस फ्लू डस्ट की ठेका कंपनी, के साथ ही उससे जुड़े ट्रांसपोर्टरों पर भी शिकंजा कस रही है। भिलाई नगर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि सांई एसोसिएट का सुपरवाइजर सेक्टर 1 निवासी घनश्याम गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है। लोहा चोरी का मास्टार माइंड संजय सिंह फरार है। आरोपी घनश्याम क्रेन के जरिए लोहे का स्क्रैप फ्लू डस्ट में लगे ट्रकों में लोड करता था। भिलाई तीन पुलिस ऐसा कह रही है कि चोरी का यह कारोबार 3-4 माह से चल रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि यह पिछले लगभग 2 सालों से अकलोरडीह गोदाम एके ट्रेडर्स में चल रहा था। पुलिस ने हथखोज भिलाई फैब्रीकेशन वर्कस एण्ड स्क्रैपडील में चेक करने पर कई महंगे वाहन भी जब्त किए गए हैं। गोदाम से लोहा 250 टन 90 लाख रुपए और वाहन समेत 3 करोड़ 22 लाख रूपये का सामान बरामद किया है। पुलिस ने अब तक चालक आरोपी चिंतानंद साहू, जितेश वर्मा, मिथेन ठाकुर, निर्मल सिंह, क्रेन चलाने वाला रविन्द्र साहू को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है। बताया यह भी जा रहा है कि कई भारी वाहनों का नंबर, चेचिस नंबर तक संदेह के घेरे में है। जांच के बाद ही असली कारण सामने आ पाएगा।

- रविवार को मामले का 6वां आरोपी किया गया गिरफ्तार

### फ्लू डस्ट की ठेका कंपनी लपेटे में

जानकारी के मुताबिक बीएसपी से फ्लू डस्ट का परिवहन करने वाली ठेका कंपनी पर भी अब शिकंजा कसने की तैयारी में पुलिस जुटी है। इसकी जांच एएसपी सुखनंदन राठौर के नेतृत्व में सीएसपी और तीन निरीक्षक जांच में जुटे हुए हैं। बावजूद लोहे चोरी का मास्टर माइंड संजय सिंह, गोदाम संचालक सलीम अब तक फरार हैं।

### संजय का पार्टनर व कई बड़े नाम भी शामिल

लोहे के इस अवैध कारोबार में शामिल कई बड़े लोगों के नाम की चर्चा है। पुलिस फिलहाल यह पता लगा रही है कि फ्लू डस्ट का ठेका कब से लिया गया, कौन-कौन ठेकेदार, ट्रांसपोर्टरों उसके साथ काम कर रहे थे। इसके साथ एक अन्य ठेकेदार भी है, जो फ्लू डस्ट का काम बीएसपी के अंदर लिया है, लेकिन पुलिस अब तक उस तक नहीं पहुंच पाई है। सूत्रों से यह भी पता चला है कि संजय सिंह के साथ एक और उसका पार्टनर है, इस कारोबार में शामिल है। उसने पिछले दो तीन साल के अंदर करोड़ों की संपत्ति बनाई। उसके पास कई फॉर्चूनर और स्कार्पियों जैसी महंगी गाड़ियां हैं। वो अपनी राजनीतिक पकड़ बढ़ाने के लिए जल्द ही खुर्सीपार क्षेत्र में एक बड़ा आयोजन करा रहा है, जिसमें बाहर से बड़े और महंगे कलाकार शामिल होने वाले हैं।

### गांजा तस्कर पुलिस की गिरफ्त में



**भिलाई।** गांजा की तस्करी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि अटल अवास शिवाजी नगर खुर्सीपार निवासी रघुवीर नेताम को पकड़ा गया। उसके पास 1 किलो 84 ग्राम गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत 55 हजार 450 रुपये है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने युवक को रोककर पूछताछ करने पर उसके पास से गांजा मिला। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने लोगों से अपील किया है कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की सूचना पुलिस को दे। ऐसे अपराधों में शामिल लोगों पर कार्रवाई की जा सके।




**नवतपा में ट्विनसिटी के रहवासियों को मिली बड़ी राहत**

# हल्की बारिश से तापमान 2 डिग्री सेल्सियस गिरा, लू से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात हल्की बारिश और नम हवाओं की वजह से पारा 2 डिग्री सेल्सियस गिरा है। इस गिरावट से लोगों को दिन में लू से काफी राहत मिली। रविवार को ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा है। पिछले तीन दिन पहले अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा था। जिसकी वजह से लू चल रही थी और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। मौसम का यह बदलाव आने वाले दिनों में भी रहने की संभावना है।



### आने वाले दो दिनों में और गिरेगा पारा

मौसम विभाग के मुताबिक आगामी 2 दिनों में अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है, तत्पश्चात आगामी 3 दिनों में 2-3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है। 1 जून से पूरे प्रदेश में मेघगर्जन के साथ तेज हवा, वज्रपात तथा वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है तथा अगले 5 दिनों तक यह गतिविधि जारी रहने की संभावना है। एक जून को प्रदेश में एक-दो स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना है।एक-दो स्थानों गरज चमक के साथ बज्रपात होने तथा तेज हवा (50-60 किलोमीटर प्रति घंटे) चलने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश 42C और 26C के आसपास रहने की संभावना है।

### प्रदेश के इन स्थानों पर हुई बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में एक-से स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा हुई। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42.0C राजनंदगांव में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.2C अंबिकापुर में दर्ज किया गया। पेण्ड्रा रोड-7, बंदपुर-5, कुटक-4, अंबिकापुर-4, पौड़ी उपरोड़ा 4, ठमनार 3, पेण्ड्रा-3, मुंगेली - 3, पिथौरा -2, बसना-2, नांगर-2, कोमाखान-2, बागबाहरा 2, लैलूंगा 2, जैजैपुर-2, छाल2, खरसिया - 2, धभरा - 1. मरायपाली 1, बलौटा 1, बगीचा 1, घरघोड़ा 1, मीपत 1, भैरमगढ़ 1, बिलासपुर 1, कोरबा। मुक्डेगा -1, अकलतरा 1, चांपा-1, तखतपुर 1, कटघोरा 1, रतनपुर 1, महासमुंद 1, बिल्हा1, नपा बाराद्वार - 1 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

### इस तरह चल रहा सिनोष्टिक मिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक विदर्भ और उससे सटे उत्तरी तेलंगाना के ऊपर समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर स्थित चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।एक दोणिका विदर्भ के ऊपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण से दक्षिणी छत्तीसगढ़, दक्षिणी ओडिशा, उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और पश्चिमी मध्य में सटे उत्तर-पश्चिमी बंगाल होते हुए पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण तक, समुद्र तल में 0.9 किमी की ऊंचाई पर स्थित है।

## खबर संक्षेप



### तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन का 3 जून को प्रदर्शन

**दुर्ग।** छग शासन द्वारा छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी, न्यायिक अधिकारी, कर्मचारियों तथा आईएएस, आईपीएस एवं आईएफएस अधिकारियों को 1 जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत कर दिया गया है किन्तु राज्य शासन के लगभग साढ़े चार लाख अधिकारी तथा कर्मचारियों के लिए अभी तक डीए की घोषणा नहीं की गई है जिससे राज्य के कर्मचारियों में आक्रोश है। संगठन पदाधिकारी विजय लहरे प्रांतीय महामंत्री, प्रदीप चौहान वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भानु प्रताप यादव जिलाध्यक्ष, शिवदयाल घृतलहरे जिला सचिव, अनुरूप साहू, धर्मेन्द्र देशमुख, सूखेन्द्र देवांगन, मोतीराम खिलाड़ी ने बताया कि केन्द्र की तिथि से महंगाई भत्ता एवं पूर्व के डीए एरियर्स सहित अन्य मांगों को लेकर 3 जून बुधवार को भोजनावकाश में मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

### मीमांसा ने कूडो में जीता स्वर्ण पदक

**दुर्ग।** दुर्ग जिले की मात्र 7 वर्षीय मीमांसा साहू ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस मिलिट्री स्कूल, फूलगांव पुणे महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय कूडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। मीमांसा 3 साल की उम्र से कूडो सीख रही है। पिछले वर्ष सूरत में हुई नेशनल चैंपियनशिप में मीमांसा ने एक सिल्वर और एक कांस्य पदक जीता था। इस बार पुणे में गोल्ड जीतकर उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। मीमांसा की यह उपलब्धि उनकी उम्र के अन्य बच्चों के लिए भी अत्यंत प्रेरणादायक है। मीमांसा की इस उपलब्धि में उनके ट्रेनर राजा कौशल एवं लिलिमा का विशेष योगदान रहा है। परिजनों ने मीमांसा की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है। मीमांसा नारायणा ई-टेक्नो स्कूल बोरसी दुर्ग में कक्षा 2 की छात्रा है।



### परिजनों को मिली 4-4 लाख की सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जानकारी के अनुसार, मैथीलपारा वार्ड नं. 32, तहसील व जिला दुर्ग निवासी शुभम महोबिया की विगत 2 मार्च 2025 को महमरा एनीकेट शिवनाथ नदी में पानी में डूबने से, ग्राम परसदापार तहसील बोरी निवासी ओमनारायण निषाद उर्फ ओमनारायण विनायक की विगत 9 अगस्त 2025 को ग्राम के शिव मंदिर तालाब में नहाते समय पैर फिसल जाने और गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हुई थी। इंदिरा नगर चरोदा निवासी ई. देव्यांश की विगत 19 जून 2021 को रायपुर महादेव घाट खारून नदी में नहाते समय पानी की तेज धार के कारण गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी।

## दुर्ग में सर्व सुविधायुक्त, संयुक्त जिला कार्यालय भवन निर्माण की घोषणा

# केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बहाई जा रही विकास की नई गंगा : सीएम

### जेआरडी स्कूल मैदान दुर्ग में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। राज्य सरकार के द्वारा सुशासन तिहार के माध्यम से आम जनता के बीच पहुंचकर अपना रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत की जा रही है। उक्त बातें रविवार को स्व. झाड़ू देवांगन शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में आयोजित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की। समारोह में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की मांग पर जिला और पुलिस प्रशासन के लिए सर्वसुविधायुक्त संयुक्त जिला कार्यालय भवन का निर्माण कार्य करने की घोषणा की। समारोह में मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद विजय बघेल, महापौर अलका बाघमार, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, साजा विधायक ईश्वर साहू, जिला पचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड जितेन्द्र साहू, खादी ग्रामोद्योग अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, पूर्व विधायक जागेश्वर साहू, सांवला राम डाहरे, जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल, संभाग आयुक्त एसएन राठौर, पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।






### हितग्राही हुए लाभांवित, प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और अतिथियों ने हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया। इसके अंतर्गत राजस्व विभाग की स्वामित्व योजना के तहत हितग्राही अरूण चन्द्राकर/कन्हैयालाल, दिनेश/कोपलाल, गोवर्धन लाल/नम्मू, पुरूषोत्तम/शत्रुहन, नोकेश/कोपीराम, जमुना/शंकर और कीर्तिका/संतोष को अधिकार अभिलेख का वितरण किया गया। इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मेरिट योजना में स्थान बनाने वाले 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं साहिल बरेठ/रमेश कुमार बरेठ और तनुजा वर्मा/सुनिल वर्मा, शौर्य गहिन/कुमेश कुमार, तुलसी साहू/लेखराम साहू तथा 12वीं कक्षा के छात्र-छात्रा रिया साहू/राकेश कुमार साहू, अंशू गुप्ता/गीता गुप्ता को मोमेन्टो/हाथ घड़ी प्रदान की गई। जिला पंचायत के माध्यम से संचालित मनरेगा योजना के तहत जाब कार्ड बांटे गए।

### सीएम ने बांटे एचपीवी सर्टिफिकेट और वयवंदन कार्ड

शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीव्ही वैक्सीन लगाने वाली किशोरी बालिकाओं को ई सर्टिफिकेट वितरण किया गया। वहीं 70 प्लस आयु समूह के लोगों को वयवंदन कार्ड बनाकर मुख्यमंत्री विष्णु देव के हाथों दिया गया। मत्स्य विभाग द्वारा नकुल धीवर जय गंगा मैया मछुआ सहकारी समिति मर्या. खुरसुल और सुन्दर लाल शिवनाथ मछुआ सहकारी समिति मर्या. मोहलाई को जाल तथा शकुन बाई, स्व सहायता समूह दुर्ग को आइस बॉक्स प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत कृपाल कौर, निर्मला गावडे, अभय गावडे और पवन कौशिक को आयुष्मान वय वंदन कार्ड दिए गए, तथा एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत केशिका साहू, सम्भवी सोनी, ईशिका साहू, अर्पिता राजपूत, अपेक्षा जैन और सुरभि आडिल को एचपीवी प्रमाण पत्र बांटे गए।

### मुख्यमंत्री ने किया आईटी पार्क का लोकार्पण

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सिविल लाईन्स स्थित आईटी पार्क का लोकार्पण किया।



मुख्यमंत्री ने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होने से पूर्व आईटी पार्क का उद्घाटन किया। सिविल लाईन्स स्थित यह आईटी पार्क लगभग 3,900 वर्ग मीटर भूमि पर निर्मित किया गया है, जिसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 2,907.26 वर्ग मीटर है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस आईटी पार्क में 40 बड़े ऑफिस रूम, पांच बड़े हॉल, मैस सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पूरा परिसर बाउंड्रीवॉल से घिरा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईआईटी भिलाई और प्रदेश शासन के सहयोग से इस आईटी पार्क निर्माण किया गया है। वर्तमान में 40 आई कम्पनियां कार्यरत हैं, भविष्य में 100 और कम्पनियों ने कार्य करने की सहमति जताई है। इससे युवाओं के लिए तकनीकी ज्ञान एवं विकास की राह आसान होगी।

### इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग

श्री साय ने लोकार्पित नालंदा परिसर के संबंध में प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े युवा-युवतियों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होने के साथ-साथ यहां के विद्यार्थियों के लिए आईएएस, आईपीएस बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर श्री साय ने बताया कि दुर्ग शहर में 100 सीटर छात्रावास भवन और इंदिरा मार्केट दुर्ग में मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। दुर्ग वासियों को मिली सौगातें स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सुशासन तिहार में शामिल होकर मुख्यमंत्री साय के द्वारा 739 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी गई। उन्होंने सुशासन तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री और अतिथियों का अभिनंदन व स्वागत किया। आज दुर्ग वासियों को जिले को अनेक बड़ी सौगातें मिली हैं।

### बस्तर संभाग अब नक्सलवाद से मुक्त

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ इच्छा-शक्ति एवं अप्रितिम कार्यकुशलता के फलस्वरूप लंबे समय से नक्सलवाद की दंश झेल रहे छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने में हम सफल हुए हैं। नक्सलवाद की दंश से मुक्त होने के पश्चात केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा बस्तर में विकास की नई गंगा बहाई जा रही है। इस अवसर पर श्री साय ने बस्तर के महान शहीद गुंडाडुर के गांव नेतानार में सेवा डेरा खोले जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्राम नेतानार में स्थापित सेवा डेरा में ग्रामीणों और आदिवासियों को ईमली प्रसंस्करण, ढेकी चांवल और सिलाई आदि विभिन्न आजीविका मूलक कार्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नक्सलवाद के खात्मे के बाद केन्द्र व राज्य सरकार के संयक्त प्रयासों से बस्तर में अब विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। इस अवसर पर सीएम साय ने राज्य में भ्रष्टाचार पर सख्त लगाम लगाने राज्य शासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी।




### शिविर में समस्याओं का त्वरित निदान : साय

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एक मई से प्रदेश के सभी जिलों में निरंतर सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। राज्य में 10 जून तक लगातार सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों और हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के साथ-साथ उनके मांगों और समस्याओं का भी त्वरित निराकरण भी सुनिश्चित किया जा रहा है। सीएम ने जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टॉल में युवाओं का ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के अलावा मत्स्य पालक कृषकों को मछली जॉल के वितरण के अलावा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान 01 मई से लेकर अब तक वे प्रदेश के कुल 17 जिलों का भ्रमण कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम तिथि 10 जून तक वे प्रदेश के सभी 33 जिलों में आयोजित सुशासन तिहार में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य के बागडोर सम्हालने के पश्चात सर्वप्रथम हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत राज्य के 18 लाख गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने की घोषणा की थी। मुझे खुशी है कि इन सभी गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दे दी गई है। इसके साथ ही स्वीकृत सभी आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा राज्य में महतारी वंदन योजना लागू कर इस योजना के अंतर्गत उनके खाते में प्रतिमाह में एक-एक हजार रूपए की राशि अंतरित करने का कार्य किया जा रहा है।




### मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय सेन को दी श्रद्धांजली

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दुर्ग प्रवास के दौरान लोकांगन परिसर भिलाई पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के बड़े भाई स्व. दिनेश सेन के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजली दी। ज्ञात हो कि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के बड़े भाई स्वर्गीय दिनेश सेन का निधन 17मई को हो गया। मुख्यमंत्री साय ने विधायक रिकेश सेन और उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।



# कृषि विभाग का दावा : जिले में पर्याप्त खाद, 32970 मीट्रिक टन का स्टॉक

**दुर्ग।** कृषि विभाग ने जिले में यूरिया एवं अन्य उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने का दावा किया है। उनका कहना है कि फसलों की अवस्थाओं के आधार पर यूरिया आवश्यकता 3 किस्तों में वितरण की जाएगी। जिसमें दीर्घ श्रेणी के कृषकों को केवल यूरिया दो किस्तों में उर्वरकों का वितरण और लघु श्रेणी के कृषकों को यूरिया का वितरण उनके रकबे के आधार पर एकमुश्त की जा रही है।

उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में भंडारण एवं वितरण की कार्यवाही की जा रही है। जिले में खरीफ 2026 हेतु कुल 67880 मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में सहकारी एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर जिले में 15910 मीट्रिक टन यूरिया, 2643 मीट्रिक टन डीएपी, 2919 मीट्रिक टन एनपीके, 4544 मीट्रिक टन एमओपी तथा 6956 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फॉस्फेट कुल 32970 मीट्रिक टन उर्वरक भंडारण किया गया है। सेवा सहकारी समितियों एवं निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को लगातार उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। अब तक 6054 मीट्रिक टन यूरिया, 2195 मीट्रिक टन डीएपी, 2042 मीट्रिक टन एनपीके, 2016 मीट्रिक टन एमओपी तथा 3575 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फॉस्फेट कुल 15882 मि.टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है तथा वर्तमान में जिले में 9856 मीट्रिक टन यूरिया, 447 मीट्रिक टन डीएपी, 877 मीट्रिक टन एनपीके, 2528 मीट्रिक टन एमओपी तथा 3381 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फॉस्फेट कुल 17089 मि.टन उर्वरक शेष है। जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है।

जिले की सहकारी समितियों में धान एवं अन्य खरीफ फसलों के प्रमाणित बीजों का उठाव और वितरण सुचारू रूप से जारी है। वर्तमान में जिले को सहकारी क्षेत्र के लिए 29827 क्वि. प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य है। जिसके विरूद्ध 31134 क्वि. बीज की उपलब्धता है और समितियों में 17013.40 क्वि. बीज का भण्डारित किया गया है जिसमें से 11066.40 क्वि. बीज वितरण किया जा चुका है। विभाग द्वारा नकली एवं घटिया खाद-बीज की बिक्री को रोकने के लिये उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है जो निजी विक्रेताओं और समितियों की निरंतर जांच कर रही है, ताकि कृषकों को गुणवत्ता युक्त बीज, उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके।

कृषि विभाग द्वारा सभी किसानों से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले की सहकारी समितियों में खाद एवं प्रमाणित बीज की कोई कमी नहीं है। किसान अपनी आवश्यकता अनुसार सुगमता से समितियों में जाकर खाद-बीज प्राप्त कर सकते है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण, 5 जून से होंगे विविध आयोजन, कार्यक्रम को लेकर भाजपा की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व वाली सरकार 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 तक बढ़ता भारत बदलता भारत कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी नंदन जैन थे। अन्य अतिथि के रूप में महापौर अल्का बाघमार, चंद्रिका चंद्राकर, माया बेलचंदन, दिलीप साहू, विनोद अरोरा आदि मौजूद थे।

- बढ़ता भारत बदलता भारत कार्यक्रम को लेकर भाजपा की कार्यशाला




बैठक में 5 जून से 21 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम मीडिया संवाद, पौधारोपण, लाभार्थी जनसंपर्क, बुद्धिजीवी वर्ग सभागार बैठक, प्रगति पथयात्रा, योग दिवस के लिए दिशा निर्देश और मार्गदर्शन दिया गया। जिला संगठन प्रभारी नंदन जैन ने कहा कि भाजपा जिला संगठन प्रभारी नंदन जैन ने कहा कि वर्ष 2014 से शुरू हुई यह विकास यात्रा आज भारत को विश्व पटल पर एक महाशक्ति के रूप में स्थापित कर चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नीतिगत निर्णयों, दृढ़ इच्छाशक्ति और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र ने देश के हर वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग सभी के सामूहिक प्रयास के कारण हर कार्यक्रमों का सफल संपादन करती है। विगत दिनों संपन्न हुए प्रशिक्षण वर्ग सभी ने अपनी शत प्रतिशत उपलब्धता के साथ सफल रूप से संपादित किया गया है। भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है और तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की ओर अग्रसर है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, अशोक राठी, मंत्री गिरेश साहू, शैलेंद्र शैंडे, हिमा साहू, सैयद आसिफ अली, दिनेश देवांगन आदि उपस्थित थे।

## फलदार, फूलदार एवं सजावटी पौधों का कर रही उत्पादन

# पशुपालन व नर्सरी का व्यवसाय कर बनीं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

महिलाओं को उचित अवसर, मार्गदर्शन एवं सहयोग मिले, तो वे आत्मनिर्भर बनकर परिवार एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। आज गांव में महिलाएं सशक्तिकरण की मिशाल बन चुकी हैं।

- घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति हो गई सहज

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकासखंड पाटन, ग्राम पंचायत चंगोरी की निवासी यामिनी वर्मा दीदी जागृति स्व-सहायता समूह की एक सक्रिय सदस्य बन चुकी है। उनके समूह में कुल 11 सदस्य हैं। समूह से जुड़ने के बाद यामिनी के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया और उन्होंने आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

समूह से जुड़ने से पहले वे केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थीं। सीमित आय के कारण परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में कठिनाई होती थी। समूह से जुड़ने के बाद प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के माध्यम से उन्हें नई जानकारी प्राप्त हुई। समूह से प्राप्त आरएफ एवं सीआईएफ राशि से उन्होंने पशुपालन एवं नर्सरी व्यवसाय प्रारंभ किया।





### यामिनी वर्मा दीदी बनीं महिला सशक्तिकरण की प्रेरणादायक मिशाल

पशुपालन विभाग के माध्यम से उन्हें दो गाय प्राप्त हुए, जिनकी अनुमानित लागत लगभग 70 हजार रुपये हैं। विभाग द्वारा पशु देखभाल, टीकाकरण, चारा प्रबंधन एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने प्रशिक्षण भी दिया गया। वर्तमान में वे दूध, दही, छाछ एवं अन्य दुग्ध उत्पादों की बिक्री कर प्रतिमाह लगभग 5 से 6 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। इसके साथ ही स्व-सहायता समूह के सहयोग से नर्सरी व्यवसाय भी प्रारंभ की। वे फलदार, फूलदार एवं सजावटी पौधों का उत्पादन कर आसपास के गांवों में बिक्री कर रही है। इस व्यवसाय से उन्हें प्रतिमाह लगभग 10 से 15 हजार रुपये तक की अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। पशुपालन एवं नर्सरी व्यवसाय से उनकी कुल मासिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई, बच्चों की पढ़ाई बेहतर हुई तथा घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति सहज हो गई। अब यामिनी वर्मा दीदी गाँव की अन्य महिलाओं को भी स्व-सहायता समूह से जुड़कर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

# निगम आयुक्त ने किया वार्ड 17 का औचक निरीक्षण, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश

**भिलाई।** शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ सामुदायिक भवन, निर्माणाधीन सुलभ शौचालय और आमजनों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय एक्शन मोड में नजर आए। आयुक्त ने सुबह वार्ड क्रमांक 17 का औचक निरीक्षण किया। लगभग 2 घंटे तक चले इस सघन निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड की सफाई व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। नेहरू भवन का अवलोकन किया गया आवश्यक व्यवस्था में सुधार हेतु निर्देशित किए हैं। निर्माणाधीन सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया आम नागरिकों से इसके उपयोग के संबंध में चर्चा किया गया।



निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वार्ड की गलियों, मुख्य सड़कों और ड्रेनेज सिस्टम का जायजा लिया। उन्होंने सफाई कर्मियों की उपस्थिति और कचरा संग्रहण (डोर-टू-डोर कलेक्शन) की स्थिति को भी देखा।

वार्ड भ्रमण के दौरान जिन भी स्थलों पर सड़कों पर निर्माण सामग्री या अन्य प्रकार की बाधा पाई गई, उस पर आयुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। साथ ही, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वाले स्थलों को चिह्नित करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सख्त वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, सफाई पर्यवेक्षक एवं एजेंसी प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित थे। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वार्ड 17 की तरह ही शहर के अन्य वार्डों में भी सुबह का औचक निरीक्षण जारी रहेगा।

# चारा की कमी के साथ छाया की कमी तपती गर्मी में बैठने मजबूर हुए मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सेलूद

गाँवों मे जहाँ हरियाली की अधिकता होती खेत खलिहानो सैकड़ों की संख्या में पेड पौधे होते थे पेड़ के बहुत सघनता से होने के कारण बहुत दुर तक देख नहीं पाते थे लेकिन अब पाटन ब्लॉक के गांवों, में इन दिनों लकड़ी तस्करी का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। कुल्हाड़ी की जगह अब हाईटेक चेन सॉ (लक्खा मशीन) ने ले ली है, जो कुछ ही मिनटों में वर्षों पुराने पेड़ों को धराशायी कर देती है।

चिंताजनक बात यह है कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी संभालने वाले विभागों के द्वारा महज खानापूर्ति की कार्यवाही करने से हरियाली लगातार कम होती जा रही है।

## लगातार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से अब गांवों में भी छाया की हो रही कमी



### इतना बड़ा अमला, फिर भी नहीं रुक रही कटाई

राजस्व विभाग से लेकर वन विभाग तक हजारों कर्मचारियों और अधिकारियों का पूरा तंत्र मौजूद है। पटवारी, तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर से लेकर बीट गार्ड, रेंजर, डीएफओ और वरिष्ठ अधिकारी तक व्यवस्था का हिस्सा हैं। इसके बावजूद पेड़ों की अवैध कटाई पर प्रभावी नियंत्रण दिखाई नहीं देता। हर साल करोड़ों रुपये पौधारोपण, वन महोत्सव और पर्यावरण संरक्षण योजनाओं पर खर्च किए जाते हैं। लेकिन दूसरी ओर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई इन प्रयासों की वास्तविकता पर सवाल खड़े करती है। यदि लगाए गए पौधों से ज्यादा पेड़ कट रहे हैं तो हरियाली बढ़ाने के दावे कितने सफल हैं, बड़े पेड़ भूजल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को बांधती हैं और वर्षा जल को धरती में पहुंचाने में मदद करती हैं। लगातार कटाई के कारण भूजल स्तर गिर रहा है, जलस्रोत कमजोर हो रहे हैं और गर्मी में तापमान 40 से 50 सेंटीग्रेड बढ़ता जा रहा है।

### क्षेत्र में भूजल स्तर भी लगातार नीचे गिरता चला जा रहा

पेड़ों की कमी का असर केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रहता। इससे कृषि उत्पादन प्रभावित होता है, जल संकट बढ़ता है, स्वास्थ्य संबंधी पेड़ कटेंगे तो पानी भी जाएगा। बड़े पेड़ भूजल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को बांधती हैं और वर्षा जल को धरती में पहुंचाने में मदद करती हैं। लगातार कटाई के कारण भूजल स्तर गिर रहा है, जलस्रोत कमजोर हो रहे हैं और गर्मी का प्रभाव बढ़ता जा रहा है।

**पशुओं को नहीं मिल रही छाया :** जहां गाँव के गली और खेत खलिहान पेड़ो से आच्छादित रहते थे वहां अब जानवरों को गर्मी के तपती दोपहरी में ऐसे बड़े पेड़ नहीं मिल पा रहे है। जिसकी छाया में जानवर बैठ सके। मजबुरन छाया नहीं मिलने के कारण तपती गर्मी में जानवर बैठने विवश है चारा कि कमी होने के साथ छाया की कमी को भी झेल रहे मूक जानवर।

## खबर संक्षेप



### धमना में ग्रामीण रोजगार योजना काम का शुरू

**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत धमना में शमशान घाट तालाब में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना का शुभारंभ सरपंच लोकेश महलवार ने पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर उपसरपंच लाल कुमार साहू , पंच गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सरपंच लोकेश महिलवार ने बताया कि गर्मी का ध्यान रखते हुए कार्य का समय प्रातःकालीन निश्चित किया गया। ग्रामीणों को काम मिलने से गांव में हर्ष व्याप्त है।

### करसा में सुनी गई मन की बात



**सेलूद।** भाजपा घुघुवा शक्ति केंद्र के अंतर्गत ग्राम करसा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात की 134 वीं कड़ी का प्रसारण सुना गया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी हर प्रसाद आडिल, बूथ अध्यक्ष कमल साहू, स्थानीय साहू समाज के अध्यक्ष व बूथ सचिव दुर्वासा साहू, सांसद प्रतिनिधि रघु साहू, युवा अध्यक्ष अशोक साहू, शक्ति केंद्र संयोजक शत्रुघ्न ठाकुर, भरत साहू, झमन साहू, बीएलओ केवल साहू, चुरामन साहू और दिव्या साहू सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वार्षिक चुनाव आज

**अंडा।** अंडा में धीवर समाज अंडा परगना का वार्षिक आम चुनाव 1 जून को सुबह 10 बजे आयोजित है। समाज के पदाधिकारियों ने सभी स्वजातीय भाई-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

### निधन

### पार्वती देवी मिश्रा



**भिलाई।** कल्पकृति अपार्टमेंट रिसाली भिलाई निवासी पार्वती देवी मिश्रा (88 वर्ष) का 31 मई को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 1 जून सोमवार को रिसाली मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. काशीनाथ मिश्रा की पत्नी और अनिल कुमार मिश्रा की मां थी।

### लोक निर्माण से जुड़े 74 आवेदन सहित कुल 210 आवेदन मिले

# कुगदा में शराब दुकान हटवाने के लिए दिया आवेदन, पेयजल व सुधार भी मांगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुम्हारी

सुशासन तिहार के अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर का पांचवा एवं अंतिम चरण का आयोजन नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुगदा स्थित मानस भवन में किया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 18, 20, 21, और 22 में निवासरत लोगों ने अपनी मांग एवं शिकायत आवेदन के माध्यम से विभिन्न विभागों को दी। शिविर में राशन कार्ड, लोक निर्माण विभाग, जल विभाग, आधार कार्ड, निशुल्क ई केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन शाखा में जन्म, मृत्यु, विवाह प्रमाण पत्र, श्रम विभाग पुलिस विभाग द्वारा' आपकी जन मित्र' नशा, साइबर, यातायात जैसे समस्याओं का निराकरण हेतु आवेदन लिया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वार्ड की महिलाओं ने ग्राम में संचालित शराब दुकान को हटाने व बंद करने के लिए आवेदन किया। वहीं वार्ड की महिलाओं ने कहा कि गांव में शराब दुकान खुलने से प्रतिदिन असामाजिक तत्वों का जमावड़ा चौक-चौराहों में लगा रहता है। जिसके कारण लड़ाई-झगड़े मारपीट दिन प्रतिदिन गंभीर होते जा रहे है। गांव के युवा नशे के शिकार हो रहे है।

**ग्रामीणों की समस्याओं पर त्वरित निराकरण के दिए निर्देश**



शिविर में तालाब सौंदर्यीकरण, मुक्तिधाम में पेयजल की व्यवस्था, सड़क निर्माण एवं मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों के बढ़ते रफ्तार को लेकर भी आवेदन किये गए। वार्ड में मितानिन की कमी के चलते गर्भवती महिलाओं ने स्वास्थ्य से जुड़े गंभीर समस्याओं को लेकर भी शिकायत की गई। उक्त शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 210 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मांग को लेकर 151 एवं शिकायत के 59 आवेदन शामिल हैं। शिविर में हितग्राहियों को राशनकार्ड व आवास निर्माण के प्रमाण पत्र बांटे गए। शिविर में बिजली पानी सड़क नाली सहित स्वास्थ्य से सम्बंधित जन समस्याओं से जुड़े आवेदनों पर गंभीरता जताते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने सम्बंधित विभाग को तत्काल समस्याओं को निराकरण करने का आदेश दिया उन्होंने कहा कि शिविर के आयोजन का उद्देश्य ही यही है कि लोगों की मांगों और शिकायतों का शीघ्र से शीघ्र निवारण हो। इस शिविर में मुख्य रूप से नयाब तहसीलदार भिलाई-3 कुंदन शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, पीआईसी सदस्य अश्वनी देशलहरे, पार्षद ओंकार प्रसाद मार्कण्डेय, लोकेश साहू, आर प्रवीण राव, उमेश्वरी साहू, जानकी ध्रुव हेमलता धीवर सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश यादव, सहित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**धान के कटोरे में खाद का संकट**

# किसानों की बढ़ी चिंता : डीएपी-यूरिया की कालाबाजारी से बढ़ रही परेशानी




हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही दुर्ग जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में खाद की कमी किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। धान की खेती की तैयारी कर रहे किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। जिले में अभी तक खाद का वितरण पूरी तरह नहीं हो पाया है, जिससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है।

किसानों का आरोप है कि खाद की कमी का फायदा उठाकर कुछ जगहों पर कालाबाजारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि डीएपी खाद 2000 रुपये तक और यूरिया 550 रुपये तक बेचे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूले जाने से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

- निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूले जाने से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा

धान उत्पादक क्षेत्र होने के कारण इस समय किसानों को खाद की सबसे अधिक आवश्यकता है। समय पर खाद नहीं मिलने से खेती की तैयारी प्रभावित हो रही है और आगामी फसल उत्पादन पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों ने प्रशासन और कृषि विभाग से खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध नहीं कराया गया, तो खरीफ सीजन की खेती प्रभावित हो सकती है। ऐसे में खाद संकट किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बना गया है।

# जनप्रतिनिधियों की शिकायत के बाद प्रधान आरक्षक लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाटन




सुशासन तिहार के दौरान ग्राम कौही में जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई शिकायत के बाद पुलिस विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना रानीतराई में पदस्थ प्रधान आरक्षक श्याम सिंह राजपूत को पुलिस लाइन अटैच कर दिया है। इसके साथ ही आरक्षक तिलेश साहू को भी लाइन अटैच किए जाने की जानकारी सामने आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 21 मई को कौही में आयोजित सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने प्रधान आरक्षक श्याम सिंह राजपूत के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराते हुए उन्हें रानीतराई थाना से हटाने की मांग की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि क्षेत्र में संचालित अवैध शराब कारोबारियों को संरक्षण दिया जा रहा है, जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जनप्रतिनिधियों ने पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर भी अपनी नाराजगी व्यक्त की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस विभाग ने जांच उपरांत प्रधान आरक्षक श्याम सिंह राजपूत को थाना से हटाकर पुलिस लाइन अटैच कर दिया। साथ ही आरक्षक तिलेश साहू को भी लाइन अटैच करने की कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई को जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर हुई महत्वपूर्ण प्रशासनिक पहल माना जा रहा है।

- पुलिस विभाग की त्वरित कार्रवाई

जनपद सदस्य रश्मि भेदप्रकाश वर्मा, सरपंच सत्यनारायण टिकरिहा, पूर्व सरपंच निर्मल जैन, उपसरपंच राजा ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू तथा ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए की गई यह कार्रवाई क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने में सहायक होगी। उन्होंने पुलिस विभाग को त्वरित कार्रवाई के लिए धन्यवाद भी दिया।



# इसरो युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम से लौटी छात्रा अमीशा का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर

इसरो द्वारा आयोजित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम युविका 2026 - 27 में प्रतिभागी सेजस जामगांव आर की होनहार छात्रा अमीषा निषाद पिता - उमेश कुमार निषाद दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर दिनांक 25 मई को श्रीहरिकोटा वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र आंध्रप्रदेश से जामगांव आर लौटी। युविका कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से 13 बच्चों का चयन किया गया। जिसमें दुर्ग जिले से एकमात्र अमीषा निषाद का चयन हुआ। अमीषा ने बताया कि उन्हें सतीश धवन स्पेस सेंटर में कई वैज्ञानिकों के साथ कार्य करने का तथा विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट्स और प्रैक्टिकल्स करने का और उन्हें गगन यात्री शुभांशु शुक्ला के साथ भी वार्तालाप करने का मौका मिला।

### कलेक्टर एवं डीईओ ने किया छात्रा का सम्मान

होनहार छात्रा अमीषा का 27 मई को दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह , दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाणपत्र द्वारा सम्म्मानित कर उत्साह वर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर रश्मि नाथ डीपीसी दुर्ग, प्राचार्य कविता साहू सेजस जामगांव आर और गाइड टीचर विनीता सुधीर उपस्थित रहे। एसएमडीसी के अध्यक्ष अगेश्वर साहू सदस्य मनीष जैन तथा समस्त समिति के सदस्य गण ग्राम सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने अमीषा की इस उपलब्धि पर प्रशंसा करते हुए अमीषा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# छायादार पीपल का रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सेलूद

पंचायत सचिव संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं तहसील साहू संघ पाटन के महासचिव महेन्द्र कुमार साहू ने अपने जन्मदिन को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए पौधरोपण किया। उन्होंने अपने परिवार मित्रो सहित' खबरनामा ग्रुप' की अभिनव पहल जन्मदिन पर एक पौधा अभियान के साथ जुड़ते हुए धान खरीदी केंद्र, सेलूद परिसर में पीपल के छायादार पौधा का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, कि"जन्मदिन हमारी खुशी का दिन है। इस खुशी को प्रकृति के साथ साझा करें तो आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा और छांव मिलेगी।"उन्होंने पर्यावरण असंतुलन और बढ़ते तापमान पर चिंता जताते हुए सभी नागरिकों, समाज के पदाधिकारियों एवं युवाओं से निवेदन किया कि वे अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ व अन्य मांगलिक अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी सुरक्षा व देखरेख की जिम्मेदारी भी स्वयं लें।

- पर्यावरण असंतुलन और बढ़ते तापमान पर चिंता जताई

इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पुर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, पुर्व मंडी अध्यक्ष अश्वनी साहू, सरपंच खिलेश मारकंडे,तहसील साहू संघ पाटन के उपाध्यक्ष डुलेश्वर साहू, तहसील साहू संघ पाटन के उपाध्यक्ष विमला साहू, कृष्ण कुमार साहू, बिहारी लाल साहू, गिरवर वर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, बलराम वर्मा, योगेश साहू, गोविंद साहू, रवि पटेल, अजयसिंह राजपुत,बल्लु राय, नेतराम निषाद, दिलिप साहू, नरेश श्रीवास,धनंजय साहू, राकेश साहू, विकास साहू, गैदलाल साहू, सरफराज, योगेश चंदेल, श्रीमती तारा साहू, श्रीमती सीता बंछोर, धर्मेश कुमार साहू, खुशी साहू, पुष्पांजली साहू, पुजा साहू, राज साहू, चंद्रिका सहित खबरनामा ग्रुप के सदस्य, साहू समाज के पदाधिकारीगण, सचिव संघ के पधाधिकारीगण, धान संग्रहण केंद्र के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार एक ढोंग है : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा



पूर्व गृहमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ताम्रध्वज साहू कहा कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों से आम जनता त्रस्त है। उन्होंने 'सुशासन तिहार' को ढोंग करार दिया है। ताम्रध्वज साहू का कहना है कि जहां एक तरफ आम नागरिक महंगाई की मार झेल रहा है, वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार 'सुशासन' का ढोल पीट रही है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में 'सुशासन तिहार' के दौरान खाद की कमी, धान खरीदी में भ्रष्टाचार और वसूली जैसे मुद्दों को लेकर जनता और किसानों का गुस्सा फूट पड़ा है। दुर्ग और अन्य स्थानों की स्थितिः प्रदेश भर में आयोजित हो रहे इन शिविरों में कई जगह अव्यवस्थाओं के कारण भाजपा के ही विधायक और नेता असहज दिखाई दे रहें है। ताम्रध्वज साहू ने कहा की भाजपा सरकार जानबूझकर प्रदेश के किसानों को कमजोर कर रही है।भाजपा सरकार चाहती है कि प्रदेश के किसानों की धान की उपज कम हो ताकि उन्हें कम से कम धान खरीदी करना पड़े। बड़े किसानों को आसानी से खाद मिल जाती है, जबकि छोटे और गरीब किसान भटकते रहते हैं।

पूर्व मंत्री ने देश में लगातार बढ़ रही महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की बेलगाम कीमतों को लेकर केंद्र व राज्य सरकारों पर तीखा हमला बोला है आरोप है कि केंद्र और राज्यों में मौजूद 'डबल इंजन' की सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह से विफल रही है, जिससे आम जनता का जीना दूभर हो गया है। डीजल, पेट्रोल की लगातार बढ़ती कीमतों पर जताई नाराजगी बढ़ती महंगाई से उन्होंने ने आरोप लगाया कि भाजपा ने देशवासियों ने अच्छे दिनों के झूठे सपने दिखाए।



# शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होता उनकी जिम्मेवारी बदल जाती है : धुरंधर

**सेलूद।** स्वामी विवेकानंद विचार मंच के तत्वाधान में शिक्षक बालमुकुंद मढरिया की सेवानिवृत्ति पर शॉल श्रीफल व सम्मान पत्र से उनका सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार धुरंधर ने अपने उद्बोधन में बालमुकुंद को एक सेवाभावी शिक्षक बताते हुए कहा कि एक आम इंसान सिर्फ अपने परिवार का निर्माण करता है, लेकिन एक शिक्षक पूरे समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करता है। अध्यक्षता देवेंद्र कुमार बंछोर ने की। समारोह का संचालन हेमंत कुमार मढरिया ने किया। इस अवसर पर सपना मढरिया ,किरण बाला वर्मा, ललित बिजौरा, देवप्रकाश मढरिया, प्रीति और टिकेश्वरी ने मढरिया को अपनी शुभकामनाएं दी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## राज कुमार जायसवाल कार्यकारी सदस्य बने

**भिलाई।** भारतीय जनता मजदूर ट्रेड कउसिंल ने हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी राजकुमार जायसवाल को प्रदेश कार्यकारी सदस्य मनोनीत किया गया है। कउसिंल के प्रदेश महामंत्री बृजेश कुमार पाण्डेय ने पत्र जारी कर राजकुमार को नियुक्त किया है। इन्हें ऑल इंडिया कैजुएल वर्क्स यूनियन सेक्टर की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री जायसवाल पूर्व में मेटाडोर परिवहन संघ अध्यक्ष भी रह चुके है।



## गर्मी बढ़ने से टाउनशिप में बढ़ी पेयजल किल्लत

**भिलाई।** बीएसपी टाउनशिप में गर्मी बढ़ने के साथ ही पानी की किल्लत भी बढ़ती जा रही है। अधिकतर सेक्टरों में ऊपर के मालों में पानी ठीक से नहीं चढ़ने से रहवासियों को ग्राउंडफ्लोर के क्वार्टरों से पानी ऊपर ले जाना पड़ रहा है। कई लोग वाटरएटीएम और बोरिंग से पानी ले जा रहे हैं। सबसे दयनीय स्थिति सेक्टर 6 और 7 की है। टाउनशिप में पिछले पांच साल से एक ही टाइम यानी सुबह ही एक घंटे नलों में पानी की सप्लाई हो रही है। इस पर पेयजल पाइप लाइनों वर्षो पुरानी होने से ऊपर के मालों के क्वार्टरों के नलों में पानी की धार इतनी पतली है कि एक घंटे में पानी के लायक ही लोग पानी भर पा रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि वाटर एटीएम में लाइन लगाकर मुश्किल से पानी मिल रहा है। सेक्टर 6 और सेक्टर 7 में तिमंजिला मकानों के ऊपरी माले में सबसे ज्यादा लोगों को पानी को लेकर परेशानी हो रही है। पेयजल किल्लत की एक वजह यह भी है कि कई लोगों ने मोटरपंप लगा रखी है जिससे जिन घरों में पंप नहीं लगे हैं वहां पानी नहीं आ रहा है। वे अन्य लोगों से अनुनय विनय कर पानी मांग कर काम चला रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि नीचे से ऊपर जरिकेन या कुंडी आदि से पानी ले जाने में दिक्कत हो रही है। सेक्टर 6, 7 और सेक्टर 8 में रहवासियों को नीचे की क्वार्टरों से पानी ले जाने के दौरान कई तरह की दिक्कते हो रही है।

# खुशनुमा मौसम से मैत्रीबाग में बढ़ी रौनक, ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंच रहे लोग

**पर्यटक टाइगर को पानी के शावर में मस्ती करते देख रोमांचित हो रहे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बदली पानी के चलते मौसम खुशनुमा होते ही मैत्रीबाग की रौनक बढ़ गई है। पिछले दो तीन दिनों से शाम को अंधड़ और बूंदाबांदी के चलते लोग मैत्रीबाग घूमने आ रहे हैं। खासकर दोपहर बाद यंगस्टर और ग्राम्य क्षेत्र के लोगों की भीड़ बढ़ गई है। पिछले महीनेभर से शहर का पारा चालीस पार होने से भारी गर्मी और उमस के कारण मैत्रीबाग आने वाले सैलानियों की तादाद कम हो गई थी। पखवाड़ेभर से तो तामपान 42 से 44 सेल्सियस डिग्री पर ठहर जाने से लू का माहौल रहा। इसका असर मैत्रीबाग के वन्य प्राणियों पर भी पड़ रहा था। अधिकतर जानवर सुबह और देर शाम को ही बाहर निकलते थे। दिनभर अपने कैज में सिमटे रहते थे। प्रबंधन द्वारा जानवरों और परिंदों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए ठंडकता के इंतजामों को बढ़ा दिया गया । लेकिन पिछले दो दिन दिनों मौसम बदलने से थोड़ी ठंडकता के चलते वन्य प्राणी अपने एनक्लोजर में चहलकदमी करते नजर आ रहे हैं। बदली और बूंदाबांदी के चलते मैत्रीबाग में पर्यटकों की रौनक बढ़ी है। सुबह और शाम को युवाओं के साथ आसपास के गांवों के लोग भी प्रकृति का नजारा लेने यहां आ रहे हैं। वे उद्यानवाटिकों के साथ जानवरों और परिंदों का भी नजारा ले रहे हैं। सबसे ज्याद लोग वाइट टाईगर और हिरणों के एनक्लोजर के सामने दिखाई देती है। पर्यटक टाइगरों को पानी के शावर में मस्ती करते देख रोमांचित हो रहे हैं। वहीं हिरणों की भी कुलांचें शाम को बढ़ गई हैं।



### बोटिंग बंद होने से मायूसी

मैत्रीबाग में भीषण गर्मी में खूबसूरत झील ( पोखर) में बोटिंग का संचालन आकर्षण का केंद्र होता है। लेकिन पिछले महीनेभर से यहां बोटिंग बंद है। इससे पर्यटक खासकर युवा व बच्चों को मायूस होना पड़ रहा है। पर्यटकों ने बताया कि जल्द नौकायन शुरु किए जाने की जरुरत है। बोटिंग का ठेका नवीनीकरण किए जाने या नया एग्रीमेंट किया जाना था। लेकिन अब तक विभाग के लेटलतीफी से इसका संचालन शुरु नहीं हो पाया है। मैत्रीबाग में आठ बोटों हैं। लेकिन सभी बंद पड़ी है।

### ऑफिसों के सामने व रोड पर खड़ी हो रही हैं गाड़ियां, लग रहा है जाम

# उद्घाटन के पूर्व ही ट्रांसपोर्टनगर हथखोज में कब्जों का संजाल, जानलेवा हुआ ट्रैफिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई और भिलाई तीन निगम से जुड़ा भिलाई का औद्योगिक क्षेत्र यानि ट्रांसपोर्ट नगर बेजा कब्जा, अवैध पार्किंग और कई अन्य समस्याओं से जूझ रहा है। नव कायाल्पित ट्रांसपोर्टनगर हथखोज बरसात के मौसम में जलभराव से टापू में तब्दील हो जाता था। अब यहां सड़के बनी तो पूरे क्षेत्र में बेतरतीब वाहन खड़े करने लोगों को परेशानी हो रही है। ट्रांसपोर्टर्स ने इस समस्या से निजात दिलाने और यहां अंडरब्रिज बनाने की मांग की है। इस संबंध में वो लोग विधायक, कलेक्टर और महापौर से मिलकर भी अपनी समस्या रख चुके हैं। वो इतने रोष में है कि उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का निदान नहीं हुआ तो वो लोग धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

छग ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि तीस साल से ट्रांसपोर्ट नगर बदहाली का आलम झेल रहा था। ट्रांसपोर्टरों की लंबी मांग पर पुराने ट्रांसपोर्ट नगर को दो फेस में विकसित किया गया, लेकिन यहां की समस्याओं को दूर करने के पर कोई जोर नहीं दिया गया। इसका उद्घाटन भी असुविधाओं के बीच ही कर दिया गया। यहां ट्रांसपोर्टरों के आफिस, परिसर और सड़कों पर चौतरफा कब्जे हो गए हैं। इसे देखते हुए छग ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के बैनर तले एसो. के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा की अगुवाई में पदाधिकारियों व सभी ट्रांसपोर्टर सदस्यों ने विधायक, कलेक्टर व महापौर से मिलकर नगर पालिका व प्रशासन के उदासीन पर नाराजगी जताते हुए जल्द ट्रांसपोर्ट नगर से सभी कब्जे हटाने सहित सभी मांगों के त्वरित निदान की मांग की। श्री बैठा ने बताया कि वर्षों की मेहनत व इंतजार के बाद पुराने ट्रांसपोर्ट नगर का कायाकल्प हुआ है लेकिन नई समस्याओं के चलते ट्रांसपोर्टरों को गाड़ियों की आवाजाही, आफिस संचालन में दिक्कत के साथ कब्जों से जाम व दुर्घटनाएं हो रही हैं। 14 सूत्रीय ज्ञापन में सभी समस्याओं के जल्द निदान की मांग की गई है। इसके तहत यहां डबल रोड का निर्माण इन और आउट के हिसाब से किया गया है लेकिन पूरे ट्रांसपोर्टनगर में 1 रोड को गाड़ी मालिक व कार्यरत मिस्त्रियों के गाड़ियों के खड़ी करने से आवागमन में दिक्कत हो रही है। वहीं आए दिन गाड़ियों के पाट्र्स, डीजल बैटरी वायर आदि चोरी की घटनाएं हो रही हैं। चोरी रोकने सीसीटीवी कैमरे के साथ पुलिस चौकी खोले जाने की मांग की गई है।

**छग ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसो. ने कलेक्टर व विधायक से की राहत की मांग**



### कई ट्रकें वर्षो से सड़कों पर हैं खड़ी, दुर्घटना का है अंदेशा

ट्रांसपोर्ट नगर में रोड के ऊपर ट्रकें खड़े हो जाने से लोगों को आने जाने में परेशानी होती है। कई रास्ते तो पूरी तरह से बंद हो जाते हैं। ट्रांसपोटर्स के ऑफिस, सड़कों व आसपास के खाली मैदान में अवैध कब्जों परेशान ट्रांसपोटर्स ने कई बार शिकायत की, लेकिन इस ओर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि कई गाड़ी मैकेनिक खराब गाड़ियों को अपने अवैध गैराज के पास ही कई कई दिन के लिए खड़ा कर दे रहे हैं। अगर इस पर रोक लगे तो ट्रांसपोर्टरों को राहत मिलेगी। उन्होंने ट्रांसपोर्ट नगर में आने जाने के लिए दोनों गेट में बैरीकेट्स की मांग की है।

### रेलवे क्रासिंग पर बने अंडरब्रिज आवागमन में होगी सुविधा

ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन ने फेस टू रेलवे क्रासिंग इंजीनियरिंग पार्क की ओर अंडरब्रिज बनाने की मांग की है। यदि अंडरब्रिज के साथ नहर के ऊपर एक बड़ी पुलिया बना जाए तो फेस टू से डबरापारा रोड से सीधे जुड़ाव होगा। इसकी मांग कलेक्टर व विधायक से की गई है। इससे दुर्घटनाएं कम होंगी। श्री बैठा ने बताया कि कलेक्टर, विधायक व मेयर ने हमें 2 जून के बाद से ट्रांसपोर्टनगर में अवैध कब्जे हटाने सहित सभी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### जल्द हटे कब्जे और हो उद्घाटन

"वर्षो की मेहनत बाद पुराने ट्रांसपोर्टनगर को दो फेस में पुनर्विकास किया गया लेकिन बरसात निकट होने के बाद भी कब्जे सहित चौतरफा समस्याएं दूर नहीं हुई है। जमीन पर अवैध दुकानें चल रही हैं, निगम चुप है। उलटे खाली दुकानों का टैक्स भरने नोटिस दे रहे हैं। कब्जे खाली नहीं किए जाने पर हम धरने के लिए मजबूर होंगे। हमें 2 जून बाद कार्रवाई का आश्वासन मिला है।

**प्रभुनाथ बैठा,** प्रदेश अध्यक्ष
छग ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

## पटरी पार गांव के लिए अलग नपा गठन करने की मांग, सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के देवबलोदा की पार्षद भारती राम सूर्यवंशी ने सोमनी में आयोजित सुशासन शिविर में आवेदन सौंपा है। इस दौरान ग्राम कुगदा, उरला, देवबलोदा, जी केबिन, सिरसाकला, मोरिद, गनियारी और सोमनी गांव को मिलाकर अलग नगर पालिका गठन करने की मांग की है। इसके अलावा पटरी पार क्षेत्र में कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बैंक शाखाएं, पुलिस चौकी भी यहां खोले जाने की मांग की गई। शिव मंदिर वार्ड 31 घासीदास मंदिर, सी केबिन तक सीसी रोड सात बहनिया मंदिर से डीएमसी चौक तक का विद्युत पोल,स्ट्रीट लाइट देवबलोदा बाजार चौक से मुक्तिधाम होते हुए उरला मणिकंचन केंद्र तक पोल, स्ट्रट लाइट, देव बलौदा गौ स्थल से बाजार चौक तक अधूरा नहर निर्माण को पूरा करने आवेदन दिया है। वृद्ध व विधवाएं दिव्यांक जनों को 7 महीने से पेंशन नहीं मिलने की शिकायत भी की गई। रामसागर पारा उरला वार्ड 31 में पाइप लाइन विस्तारीकरण धर्मेंद्र शर्मा के घर से गांगा वर्मा घर तक ग्राम देवबलोदा में पुरुषोत्तम साहू के बड़ी से धनु बंजारे के घर तक नया पाइपलाइन विस्तार करने की मांग किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राम सूर्यवंशी, असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राहुल वर्मा, प्रेम कुमार मिश्रा, विजय पुरी, दक्ष पटेल, सौरभ वर्मा, मोंटी यादव और जीतू श्रीवास्तव मौजूद थे।

## विधायक देवेंद्र ने की डीएलएड परीक्षा तिथि बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष के हजारों विद्यार्थियों की समस्या को देखते हुए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के अध्यक्ष व सचिव को पत्र लिखकर परीक्षा तिथियों में संशोधन करने की मांग की है।



विधायक देवेंद्र यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि जून माह में लोक सेवा आयोग पीएससी की मुख्य परीक्षा निर्धारित है। इसी अवधि में डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं भी आयोजित की जा रही हैं। प्रदेश के अधिकांश प्रशिक्षार्थी दोनों परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में परीक्षा तिथियों के एक-दूसरे से टकराने के कारण विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि एक ही समय में दोनों महत्वपूर्ण परीक्षाओं के आयोजित होने से अनेक परीक्षार्थी किसी एक परीक्षा से वंचित हो सकते हैं। इससे विद्यार्थियों पर अनावश्यक मानसिक दबाव भी बढ़ेगा तथा उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। विधायक देवेंद्र यादव ने बताया कि प्रदेश भर से कई विद्यार्थी उनके पास अपनी समस्या लेकर आए थे। जिन्होंने अपनी पीड़ा बताई और मदद की उम्मीद जताई है। विद्यार्थियों के भविष्य और शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा तिथियों में संशोधन किया जाए, ताकि सभी परीक्षार्थियों को दोनों परीक्षाओं में समान अवसर मिल सके और वे बिना किसी तनाव के अपनी तैयारी पूरी कर सकें।

- **विधायक यादव ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों को लिखा पत्र**

## चाइना से भी जरूरतमंदों की मदद में जुटे हैं इंद्रजीत सिंह, बुजुर्ग का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सर्व समाज कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह उर्फ छोटू इन दिनों व्यावसायिक दौरे पर चाइना में हैं, लेकिन वहां से भी वे जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार सक्रिय हैं। शुक्रवार को उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना मिली कि कोहका हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में रहने वाले अरुण सारंकर का निधन हो गया है और उनका शव पिछले दो-तीन दिनों से घर में पड़ा हुआ है।

- **अकेले मृत मिले बुजुर्ग के अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी संभाली**

मोहल्ले में बदबू फैलने के बाद लोगों को घटना की जानकारी हुई। बताया गया कि मृतक की पत्नी और बेटी काफी समय पहले उन्हें छोड़कर जा चुकी हैं। संपर्क करने पर उन्होंने भी आने से इनकार कर दिया। इसके बाद क्षेत्र की एक महिला ने घटना की जानकारी इंद्रजीत सिंह को दी।




सूचना मिलते ही इंद्रजीत सिंह ने चाइना से अपनी टीम को निर्देश दिए। उनकी टीम ने स्मृति नगर थाना पुलिस के सहयोग से मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। उसका पोस्टमार्टम 1 जून को किया जाएगा। सर्व समाज कल्याण समिति ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद दुर्ग पुलिस के सहयोग से मृतक का पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया जाएगा। समिति के इस मानवीय प्रयास की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारतीय जनता पार्टी भिलाई जिला कार्यालय, प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों, खिलाड़ियों, युवाओं एवं समाजसेवियों की प्रेरणादायक कहानियों का उल्लेख किया। उन्होंने 100 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित करने वाले गुरविंदर सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जल संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, डॉल्फिन बचाव अभियान, खगोल विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ती जनभागीदारी तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले व्यक्तियों और संगठनों के कार्यों का भी उल्लेख किया गया। प्रधानमंत्री जी ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने और प्रेरणादायक कार्यों से सीख लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, कार्यालय प्रभारी योगेंद्र सिंह, विजय जायसवाल, तुलसी साहू, त्रिलोचन सिंह, गोपाल कृष्ण वर्मा, पूनम शुक्ल, पारस जंघेल, रश्मि सिंग, भारती साहू, विजय सिंह, मदन सेन, प्रेम चंद देवांगन, शंकरलाल देवांगन, दिनेश देवांगन आदि उपस्थित थे।

- **प्रियदर्शिनी परिसर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में हुआ आयोजन**



**तीन वार्ड के 75 लोगों की समस्याएं तत्काल निराकरण की गई**

# डुण्डेरा के सुशासन में आए 470 आवेदन, आयुक्त ने की गोदभराई रस्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई/उतई

नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा आयोजित इस वर्ष के अंतिम सुशासन शिविर में तीन वार्डो के 470 लोगों ने अपनी शिकायत और मांगो को लेकर पहुंचे थे। आयुक्त मोनिका वर्मा ने शिविर में 75 ऐसे आवेदनों का निराकरण मौके पर ही कराकर आवेदकों को राहत पहुंचाई। शिविर में 435 मांगे थी। जिसका प्रस्ताव तैयार कर निराकरण करने का संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए है। सुशासन शिविर ग्रामीण परिवेश वाले डुण्डेरा के तीन वार्डो के लिए लगाया गया। शिविर स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में आयुक्त मोनिका वर्मा पहुंची और चार हितग्राहियों को गोदभराई रस्म अदा की। इस अवसर पर आयुक्त मोनिका ने हितग्राहियों से न केवल चर्चा की, बल्कि सेहत का ध्यान रखते हुए योजना के तहत मिले पौष्टिक आहार का सेवन करने की बात कही। आयुक्त ने पूरे स्टॉल का निरीक्षण करते हुए हितग्राहियों से मुलाकात की। साथ ही उनकी आवश्यकता और मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का आश्वासन दी। शिविर में अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू क्षेत्रीय पार्षद व महापौर परिषद के सदस्य रोहित धनकर व पार्षद खिलेन्द्र चंद्राकर, जोरातराई के हरिश नायक व विधायक प्रतिनिधि गोंविद साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

- **मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का आश्वासन दी**

### दिव्यांग की आयुक्त मोनिका वर्मा ने की मदद

शिविर का निरीक्षण करते समय आयुक्त की नजर पंजीयन काउंटर में खड़े दिव्यांग पर पड़ी। वह ट्रायसाईकिल में बैठा हुआ था। दिव्यांग का कहना था कि उसे निवास स्थान का पट्टा चाहिए। आयुक्त मोनिका वर्मा ने भीड़ को देखते हुए कर्मचारियों को निर्देश दिया कि दिव्यांग के पास जाकर उन्हें न केवल आवेदन उपलब्ध कराए बल्कि संबंधित विभाग प्रभारी उन तक पहुंच कर आवेदन प्राप्त करे। वहीं निगम आयुक्त और जनप्रतिनिधि ने योजना के तहत 6 युवाओं को लर्निंग लाइसेंस बनाकर सौंपा।



**डुण्डेरा में आए आवेदन पर एक नजर**

| | |
|---|---|
| कुल आवेदन - | 470 |
| मांग - | 435 |
| शिकायत - | 35 |
| मौके पर निराकरण - | 75 |
| कुल शेष - | 395 |

## दो स्कूलों के सौंदर्यीकरण के लिए पेवर ब्लॉक कार्य का भूमिपूजन



**अंजोरा।** ग्राम पंचायत चिंगरी के दो सरकारी स्कूलों के सौंदर्यीकरण के लिए जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा द्वारा स्वीकृत 3.57 लाख रुपये की राशि से पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। मिश्रा ने कहा कि स्कूल परिसर को सुंदर और व्यवस्थित बनाना बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर पूर्व जनपद सभापति विक्की मिश्रा, पूर्व जनपद सभापति टिकेश्वरी देशमुख, जनपद सदस्य बेला यादव, सरपंच पुष्पा वाघमारे, प्रधान पाठक जे.के. चंद्राकर, उप सरपंच भूषण देशमुख, पंच गीतांजली साहू, लक्ष्मण यादव, राजेश देशमुख, सुनील वाघमारे, ग्रामीण गुलाब देशमुख, कामता साहू, संतोष खूटेल आदि उपस्थित थे।

# हरिभूमि लाइव

भिलाई,सोमवार 1 जून 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



02



शेषनाग के आसन पर बालाजी...


लाइव इवेंट

## करार्टे के 65 बच्चों को मिला प्रमाण पत्र



**भिलाई।** भिलाई इस्पात क्लब सेक्टर-7 के तत्वावधान में 1 मई से 31 मई 2026 तक एक माह का ग्रीष्मकालीन करार्टे प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन अमर कराटे एकेडमी सितयो सिको काई कराटे डू इंटरनेशनल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खेलो इंडिया पहल के अंतर्गत किया गया।

प्रशिक्षण शिविर में कुल 65 बच्चों ने भाग लेकर कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर के दौरान प्रशिक्षक जी अमर एवं रामू ने बच्चों को कराटे की विभिन्न तकनीकों एवं आत्मरक्षा के गुर सिखाए। शिविर के समापन अवसर पर भिलाई इस्पात क्लब सेक्टर-7 के सचिव एवं भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के उपाध्यक्ष चन्ना केशवलू ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा खेल एवं आत्मरक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल रहा। प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

लाइव इवेंट

## योग से बताए निरोगी और ऊर्जावान जीवन जीने के सरल उपाय



**भिलाई।** स्वामी रामदेव के शिष्य एवं पतंजलि योग समिति के मुख्य केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव के सानिध्य में आयोजित त्रिदिवसीय निःशुल्क योग एवं पंचकर्म चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन लगभग 900 से 1000 शिविरार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मनसा कॉलेज परिसर कोहका में आयोजित स्वामी परमार्थ देव ने योग की बारीकियों के साथ-साथ एक्यूप्रेशर के माध्यम से संपूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त करने की अवधारणा पर प्रकाश डाला। उन्होंने योग, प्राणायाम एवं प्राकृतिक जीवनशैली के माध्यम से स्वस्थ, निरोगी एवं ऊर्जावान जीवन जीने के सरल उपाय बताए। शिविर के मध्य में पतंजलि संगठन द्वारा आयोजित गुरुकुल समर कैंप के बच्चों ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर 25 दिवसीय सहयोगी योग शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने वाले 124 सहयोगी योग शिक्षकों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। ये योग शिक्षक भविष्य में हरिद्वार में स्वामी रामदेव के सानिध्य में मुख्य शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे तथा योग, आयुर्वेद एवं स्वदेशी के प्रचार-प्रसार हेतु समाज में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

स्वामी ने आगामी 25 दिवसीय सहयोगी योग शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम, जो 28 जून से प्रारंभ होगा के लिए पंजीयन कराने सभी को प्रेरित किया। शिविर के दौरान ही 60 से अधिक प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन फॉर्म जमा किया।

कार्यक्रम के पश्चात दुर्ग, महासमुंद, कवर्धा एवं बालोद जिलों से आए पतंजलि योग समिति के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्वामी परमार्थ देव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ एवं निरोगी बनाने तथा उसके भीतर राष्ट्रभाव जागृत कर राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने हेतु निरंतर अथक प्रयास करना आवश्यक है।

### इस अवसर पर विशिष्टजन शामिल हुए

शिविर के बाद दिनभर पंचकर्म चिकित्सा प्रशिक्षण भी संचालित किया गया। इसमें डॉ. सूर्या वैष्णव, डॉ. कीर्ति, डॉ. आरती, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ. आशीष, मोहनी साहू एवं श्रीनिवास राव ने पंचकर्म की विभिन्न विधियों एवं उनकी उपयोगिता पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण शिविर का आज अंतिम दिन रहेगा। जिसमें योग, प्राणायाम, प्राकृतिक चिकित्सा एवं पंचकर्म से संबंधित व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।



विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर भिलाई पावर हाउस और दुर्ग रेलवे स्टेशन में व्यसनमुक्त आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन

# नशा नाश की जड़, राजयोग मेडिटेशन से 97% लोग हुए व्यसन मुक्त, दान पेटी में छोड़ा नशा, दूर रहने की दिलाई शपथ

**भिलाई।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, राजयोग भवन सेक्टर-7, भिलाई तथा राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के मेडिकल विंग द्वारा भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन में और दुर्ग स्टेशन में बघेरा के सेंटर के तत्वावधान में व्यसनमुक्त आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन सुबह 7 बजे से किया गया। भिलाई प्रदर्शनी का शुभारंभ भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा बहन, एफ.एस.एन.एल. के पंकज त्यागी सी जी एम एच आर और भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन की पर्यवेक्षक भोई द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।



### युवा वर्ग में नशे के कारण

आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी ने बताया कि धूम्रपान, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों में अनेक हानिकारक रसायन होते हैं, जो हमारे मस्तिष्क और शरीर को गंभीर क्षति पहुंचाते हैं। नशे के सेवन से व्यक्ति को क्षणिक राहत अथवा आराम का अनुभव होता है, लेकिन धीरे-धीरे यही आदत उसकी कमजोरी बनकर अनेक शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक समस्याओं का कारण बन जाती है तथा परिवार और समाज को भी प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग अधिकतर शौख अथवा साथियों के प्रभाव में नशे की शुरुआत करता है, लेकिन समय के साथ तनाव, चिंता और परेशानियों के कारण उसका सेवन बढ़ता जाता है और व्यक्ति इसकी लत का शिकार हो जाता है।

### राजयोग से बढ़ती है मन की शक्ति,नशे से छुटकारा

नशे से मुक्त होने के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण, श्रेष्ठ संग और सकारात्मक जीवनशैली आवश्यक है। राजयोग मेडिटेशन मन की शक्ति बढ़ाकर व्यक्ति को श्रेष्ठ निर्णय लेने में सक्षम बनाता है।

### नशामुक्त दान पेटी में लोगों ने किया समर्पण

उपस्थित लोगों ने नशामुक्ति संकल्प दान पेटी में अपने संकल्प लिखकर अर्पित किए। इस दौरान युवाओं ने ब्रह्माकुमारी बहनों से जीवन के समस्याओं तनाव पर भी समाधान प्राप्त किया।

### इंदौर जोन में नशा मुक्त अभियान का वृहद आयोजन

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर दुर्ग जंक्शन रेलवे स्टेशन ,भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन, रायपुर रेलवे स्टेशन तथा भाटागांव बस स्टैंड एवं छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उड़ीसा राजस्थान को मिलाकर बने इंदौर जोन में एक साथ नशा मुक्ति चित्र प्रदर्शनी का वृहद आयोजन किया गया।



### नशा दीमक की तरह समाज को कर रहा नष्ट

ब्रह्माकुमारी पूर्णिमा ने बताया कि 31 मई को विश्व तंबाखू दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को तंबाखू जैसे हानिकारक पदार्थों से बचाना है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था 146 देशों में राजयोग ध्यान और आध्यात्मिक शिक्षा से समाज की बुराइयों को दूर करने का कार्य कर रही है। दुर्ग केंद्र की संचालिका रीटा ने कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दीं। स्टेशन अधीक्षक हिमांशु कुमार ने कहा कि नशा दीमक की तरह परिवार और समाज को नष्ट कर रहा है। यह चित्र प्रदर्शनी अत्यंत लाभदायक है और इससे अनेक परिवारों को लाभ मिलेगा। ब्रह्माकुमारी पूर्णिमा ने संबोधित करते हुए कहा कि तंबाखू धीमे जहर की तरह शरीर को नष्ट करता है। भारत में एक तिहाई कैंसर का कारण तंबाखू है। इसमें 4000 रासायनिक तत्व हैं, जिनमें से 400 शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। तंबाखू के कारण रोज ढाई से तीन हजार लोग मौत के शिकार हो जाते हैं। ब्रह्माकुमारी रेणु ने बताया कि राजयोग से सहज ही व्यसनों से छुटकारा मिलता है। 3000 लोगों पर हुए अध्ययन में पाया गया कि राजयोग से 97% लोग सदा के लिए व्यसन मुक्त हो गए। कार्यक्रम में पूर्णिमा दीदी ने सभी को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई और राजयोग ध्यान का अभ्यास भी कराया।

### ब्रह्माकुमारी दुर्ग द्वारा नशा मुक्ति के लिए आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की सहयोगी संस्था राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के मेडिकल विंग द्वारा दुर्ग रेलवे स्टेशन पर नशा मुक्ति के लिए आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। नशे को कहें ना, जीवन को कहें हां और नशा नाश का द्वार, राजयोग सच्ची खुशी का आधार संदेश के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में यात्रियों व रेल कर्मियों ने भाग लिया। भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के साथ हुए एमओयू के तहत ब्रह्माकुमारीज द्वारा पूरे देश में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है, उसी कड़ी में दुर्ग में यह जनजागृति कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुरुआत स्टेशन अधीक्षक हिमांशु कुमार, एसएस कामर्शियल भारत लाल टाकोटे, जीआरपी के घनश्याम अग्निहोत्री, महिला आरक्षक सीमा ठाकुर, प्रधान आरक्षक सलीम अहमद के साथ ब्रह्माकुमारी पूर्णिमा, रेणु, धारिणी के साथ दीप प्रज्वलन कर की गई।




## सरकारी नीतियों, योजनाओं और स्टार्टअप इकोसिस्टम की दी गई जानकारी

**भिलाई।** आईसीएआई भिलाई शाखा सीआईआरसी द्वारा एमएसएमई एवं स्टार्टअप समिति, आईसीएआई के सहयोग से स्टार्टअप विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, उद्यमियों एवं व्यवसायिक पेशेवरों को एमएसएमई क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों, सरकारी नीतियों, प्रोत्साहन योजनाओं तथा स्टार्टअप इकोसिस्टम की नवीनतम जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईसीएआई के केंद्रीय परिषद सदस्य एवं एमएसएमई एवं स्टार्टअप समिति के अध्यक्ष सीए ज्ञान चंद्र मिश्रा उपस्थित रहे। विशेष अतिथि बी.आर. निकुंज मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र डीआईसी, दुर्ग और ऋतुराज तुमराकर, उप संचालक, उद्योग संचालनालय, रायपुर उपस्थित थे। सेमिनार में विशेषज्ञ वक्ताओं के रूप में सीए अरिहंत कुमार बोथरा कुमुद मिश्रा सहायक संचालक, उद्योग संचालनालय रायपुर, यामिन योगरे रायपुर और एस.के. सिंह, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र डीआईसी दुर्ग ने अपने विचार व्यक्त किए।

वक्ताओं ने एमएसएमई के लिए उपलब्ध विभिन्न सब्सिडी योजनाओं, औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहनों, स्टार्टअप इकोसिस्टम, उद्यमिता विकास, सरकारी सहायता योजनाओं तथा




व्यवसायिक अवसरों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रतिभागियों ने विषय विशेषज्ञों के साथ संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। आईसीएआई भिलाई शाखा के अध्यक्ष सीए सुखदेव राठी ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि एमएसएमई और स्टार्टअप भारत की अर्थव्यवस्था के विकास के प्रमुख चालक हैं तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स इनके सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में लगभग सौ से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जानकारी देते हुए शंकर सचदेव ने बताया कि कार्यक्रम में शाखा के पूर्व अध्यक्ष, प्रबंध समिति के सदस्य, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, विद्यार्थियों एवं उद्यमियों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम का संचालन सीए अखिलेश वर्मा द्वारा किया गया।

## आंगनबाड़ी केंद्र में भीषण गर्मी में राहत, दान किए सीलिंग फैन




**भिलाई।** वार्ड नंबर 1 जुनवानी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में भीषण गर्मी से बच्चों को राहत देने के लिए कविता वेलफेयर फाउंडेशन ने सीलिंग पंखे दान किए। फाउंडेशन की प्रमुख कविता रंगारे की पहल पर केंद्र में पंखे लगाए गए, जिससे नौनिहालों और कार्यकर्ताओं को गर्मी से बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर सहायक अमित कुमार गजभिए, लता मेश्राम, बबलू चौरे व ममता चौरे उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रानू साहू व सहायका नीला साहू ने फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। रानू साहू ने कहा कि केंद्र में पंखे न होने से बच्चों को गर्मी में काफी परेशानी हो रही थी। संस्था की इस मदद से अब बच्चे आराम से बैठकर पढ़ाई व गतिविधियां कर सकेंगे। कविता रंगारे ने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाना है। आंगनबाड़ी केंद्र समाज की नींव है, यहां के बच्चों की सुविधा के लिए संस्था आगे भी सहयोग करती रहेगी। स्थानीय लोगों ने भी इस सेवा कार्य की सराहना की।

कार्नर न्यूज

आर्य समाज सेक्टर-6 का जलदान सेवा अभियान सातवें चरण में पहुंचा सब्जी मंडी

## आर्य समाज की जलदान सेवा से राहगीरों को मिल रही राहत एग्जाम देने आए लोगों को बांटा ठंडा पानी और स्नैक्स

**भिलाई।** आर्य समाज सेक्टर-6 के नेतृत्व में एक महीने से चल रहे जलदान सेवा अभियान का सातवां चरण सेवा और समर्पण के साथ संपन्न हुआ। भीषण गर्मी में समाजसेवियों ने सब्जी मंडी क्षेत्र में राहगीरों, श्रमिकों एवं आमजन को शीतल जल पिलाया तथा नमकीन और बिस्किट वितरित किए। इस अभियान में अब कोई भी व्यक्ति सहयोग देकर इस सेवा से जुड़ सकता है। सेवा कार्य का नेतृत्व करते हुए आचार्य डॉ अजय आर्य ने कहा कि महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती का संदेश केवल विचार नहीं बल्कि समाजसेवा का आह्वान है। सच्चा धर्म वही है जो मानव सेवा से जुड़ा हो। आज की भीषण गर्मी में प्यासे और जरूरतमंद लोगों तक पानी पहुंचाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। डॉ अजय ने बताया कि आर्य समाज का उद्देश्य केवल सेवा करना ही नहीं बल्कि समाज में सेवा की भावना को जागृत करना भी है। हाल ही में नीट परीक्षा के दौरान हजारों की विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को पानी की बोतल और रिफ्रेशमेंट उपलब्ध कराया गया था। यह अभियान निरंतर समाज के सहयोग से आगे बढ़ रहा है।



### समाज के लिए समय देना हर व्यक्ति का दायित्व

आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग ने बताया कि संस्था लगातार सेवा कार्यों में सक्रिय है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस सेवा अभियान में सहभागी बनने की अपील की। सेवा कार्य में सहभागी नमित क्षत्रिय ने कहा कि समाज के लिए समय देना हर व्यक्ति का दायित्व है। देव यादव ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाना सुखद अनुभव रहा। सौम्य देशमुख ने कहा कि सेवा कार्य से समाज में सकारात्मकता बढ़ती है। हेमा सक्सेना ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्यासे लोगों के चेहरे पर संतोष देखकर आत्मिक शांति मिली। उन्होंने कहा कि समाज सेवा मानवीय संवेदनाओं को जीवित रखने का माध्यम है और महिलाओं-युवाओं से आगे आने की अपील की। पतिराम साहू ने कहा कि भविष्य में भी यह अभियान व्यापक रूप से जारी रहेगा। इस अवसर पर नमित क्षत्रिय, देव यादव, सौम्य देशमुख, डॉ अजय आर्य, पतिराम साहू एवं हेमा सक्सेना सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे।





सिटी इवेंट

## हुडको मस्जिद कमेटी ने की सामाजिक पहल, सहायता राशि से की मदद



**भिलाई।** हुडको मस्जिद कमेटी दवरा मस्जिद में ही एसी रिपेयरिंग का काम करने वाले सलीम की सड़क हादसे में मौत हो जाने पर परिवार को आर्थिक रुप से मदद पहुंचाने के लिए सामाजिक पहल की गई। इस दौरान कमेटी के सदस्यों ने परिवार से मिलकर हालचाल जाना और नगद राशि भी सौंपी।

- हुडको मस्जिद कमेटी मिली सड़क हादसे के मृत नौजवान के परिवार से मिले

हाल ही में चंद्रा-मौर्या टॉकीज चौक में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले सेक्टर-2 स्ट्रीट-16 निवासी सलीम अली के परिवार को मदद पहुंचाने के लिए सामाजिक पहल की गई। हजरत बिलाल मस्जिद, हुडको भिलाई की ओर से आवाम के बीच नमाज में ऐलान किया गया था। इसके अलावा अन्य लोगों ने भी सहयोग दिया। इस तरह सामाजिक सहयोग से मृतक सलीम अली के परिजनों को 1,17,500 (एक लाख सत्रह हजार पांच सौ रुपये) की आर्थिक सहायता कमेटी की ओर से प्रदान की गई।

मृतक सलीम अली हुडको मस्जिद में भी एसी रिपेयरिंग का काम करते थे। उनकी 3 बेटियां है और इनमें सबसे छोटी महज 11 दिन की है। परिवार की संकट की इस घड़ी को देखते हुए मस्जिद कमेटी ने सेक्टर-2 पहुंच कर मुलाकात की और सहायता राशि दी। इस दौरान हजरत बिलाल मस्जिद, हुडको के सदर शाहिद अहमद रज्जन, सेक्रेट्री नईमुद्दीन, आसिफ खान, जहीर अहमद, गुड्डु, शाहनवाज कुरैशी, अकरम, रियाज खान व अन्य लोग मौजूद थे।

इवेंट लाइव

## नई टीम के साथ विद्यालय को आगे बढ़ाने लिया संकल्प



**भिलाई।** भक्त माता कर्मा सेवा समिति द्वारा संचालित कर्मा विद्यालय सुपेला का त्रिवर्षीय चुनाव आज विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी फूलचंद कुमार साहू, सहायक चुनाव अधिकारी ढाल सिंह साहू, रामाधीन साहू व हरख राम साहू रहे। निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष धनसाय, उपाध्यक्ष केशव साहू, टीका राम साहू, कोषाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद साहू, कार्यालय सचिव, प्रणेश कुमार साहू, सह सचिव महेश कुमार साहू चुने गए।

- कर्मा विद्यालय सुपेला में हुआ चुनाव

इस अवसर पर प्रभा राम साहू, त्रिलोक साहू, प्रेम लाल साहू, विश्राम साहू, बैशाखु साहू, राजेश्वर साहू, दिनेश हिरवानी, मोहन लाल साहू, खिलावन साहू, रुखमनी साहू, टुमन लाल साहू, डॉ दीनदयाल साहू, संत राम साहू, भेमिन साहू, नंदिनी साहू गोमती साहू, रामतीर्थ साहू, विकास कुमार साहू, अरुण साहू, वीर सिंह साहू चवन राम साहू के अलावा विद्यालय के शिक्षक सामाजिक पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। निर्वाचित अध्यक्ष ने अपने टीम के साथ विद्यालय को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लिए।

## 73 की उम्र में गिल ने तीर्थन घाटी नाप दी साइकिल से




**भिलाई।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया वाइएचएआई दुर्ग भिलाई इकाई के सक्रिय वरिष्ठ सदस्य हरबंश सिंह गिल ने राष्ट्रीय तीर्थन घाटी जलोरी दर्रा माउण्टेन बाइकिंग सह प्रशिक्षण अभियान में हिस्सा लेकर संस्था का नाम रोशन किया। 73 वर्षीय गिल ने राष्ट्रीय तनोट लोंगेवाला रेगिस्तान सायकिल यात्रा में भी हाल ही में हिस्सा लेकर अपने साहसिक अभियान का परिचय दिया है।

वाइएचएआई इण्डिया छत्तीसगढ़ के सेक्रेटरी के.सुब्रमण्यम ने इस संबंध में बताया कि हरबंश सिंह गिल ने इससे पहले भी अनेक आयोजनों में अपनी उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज करायी है। उन्होंने 22 अक्टूबर 2017 को जयन्ती स्टेडियम भिलाई में आयोजित 21 किलोमीटर की बीएसएफ हाफ मैराथन में भाग लिया और तीसरा स्थान प्राप्त किया था।

2017 में हैदराबाद और 2018 में बैंगलोर में आयोजित राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी भाग लिया। श्री गिल ने यूथ हॉस्टल्स द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मुंबई-गोवा और राष्ट्रीय माउण्टेन साइकिलिंग कम एक्सपीडिशन मनाली-लेह खारदुंगला 2023 को सफलतापूर्वक पूरा किया है। दिसम्बर 2025 से जनवरी 2026 के दौरान चेन्नई, पुडुचेरी और गोवा आदि की साइकिल यात्राएं सफलतापूर्वक सम्पन्न की है। हरबंश सिंह गिल ने 30 जून 2013 को केन्द्र सरकार की सेवा से अहमदाबाद गुजरात से सेवा निवृत्ति ली और उसके बाद भिलाई छत्तीसगढ़ में बस गये। स्वस्थ रहने के लिए वे प्रतिदिन मार्निंग वॉक, साइकिलिंग और दौड़ लगाते हैं। वे भारत के कई हिस्सों में वाइएचएआई द्वारा आयोजित राज्य और राष्ट्रीय स्तर की साइकिलिंग में भाग लेते रहते हैं। वाइएचएआई की छत्तीसगढ़ राज्य शाखा और समस्त इकाइयों ने श्री गिल को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए बधाई दी हैं।

● बालाजी मंदिर की 52वीं वर्षगांठ पर भक्ति के रंग में रंगे भक्त, हुए वैदिक अनुष्ठान

# शेषनाग के आसन पर बालाजी संग देवियों की निकाली गई शोभायात्रा, पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन में किया कोलोटम



भिलाई। आंध्र साहित्य समिति के तत्वावधान में सेक्टर-5 स्थित बालाजी मंदिर की 52वीं वर्षगांठ के अवसर पर भगवान बालाजी और माताओं श्रीदेवी-भूदेवी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पंडित गोपालाचारी, द्वारिका तिरुमला तथा तिरुमला के अतिथि पंडितों के सान्निध्य में पारंपरिक आस्था, वैदिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक उल्लास के बीच संपन्न इस दिव्य आयोजन में दक्षिण भारतीय समाज सहित विभिन्न समुदायों के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समिति के अध्यक्ष पीवी राव एवं सचिव पीएस राव के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा रंग-बिरंगे फूलों, आकर्षक झालरों, झूमरों और सतरंगी रोशनी से सजे वाहन पर विराजमान भगवान बालाजी और दोनों देवियों के उत्सव विग्रहों के साथ प्रारंभ हुई। शेषनाग आसन पर देवियों श्रीदेवी और भूदेवी संग विराजमान इष्टदेव के अलौकिक दर्शन के लिए मार्गभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।



### सनातन परंपराओं के साथ हुआ कल्याणोत्सव

सहस्रनामार्चना के पश्चात भगवान बालाजी एवं माताओं श्रीदेवी-भूदेवी का भव्य कल्याणोत्सव (विवाहोत्सव) संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और सनातन विधि-विधान के बीच भगवान बालाजी को वर तथा श्रीदेवी-भूदेवी को वधू स्वरूप अलंकृत किया गया। स्वर्णाभूषणों और नवीन वस्त्रों से सुसज्जित दिव्य विग्रहों के दर्शन के लिए भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं ने गोदान, वस्त्रदान एवं कन्यादान जैसी सनातन रस्में निभाईं। पंडितों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से देवियों को मंगलसूत्र अर्पित किया गया। इस पावन आयोजन में टीवीएन शंकर तथा के लक्ष्मीनारायण दंपति मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। दोपहर को श्रद्धालुओं में महाप्रसाद एवं भोग वितरण किया गया।

**धूम-धड़ाके के साथ निकली बालाजी की सवारी :** ढोल-नगाड़ों, पारंपरिक वाद्ययंत्रों, गाजे-बाजों और आतिशबाजी के बीच निकली शोभायात्रा बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर सेंट्रल एवन्यू रोड, 2.5 मिलियन टन चौक, सेक्टर 4 के मुख्य मार्गों से होते हुए रात को फिर से बालाजी मंदिर लौटी, जहां भगवान को एकांत सेवा अर्पित की गई। शोभायात्रा के स्वागत में महिलाओं एवं युवतियों ने मार्गों पर पारंपरिक और आधुनिक रंगोलियां सजाईं। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का अभिनंदन किया। जगह-जगह आरती उतारी गई तथा श्रद्धालुओं के लिए शीतलपेय तथा फलाहार की व्यवस्था की गई। इस दौरान आंध्र महिला मंडली की महिलाओं ने गरबा की तर्ज पर दक्षिण भारतीय पारंपरिक लोकनृत्य कोलाटम की रास्ते भर मनोहारी प्रस्तुति दी। युवक-युवतियां, बच्चे और बुजुर्ग ढोल की थाप पर भगवान की भक्ति में झूमते नजर आए।









**सुप्रभातम से हुआ धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ :** धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत ब्रह्ममुहूर्त में सुप्रभातम से हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान बालाजी से तीनों लोकों के कल्याण की प्रार्थना की गई। इसके पश्चात पंडित गोपालाचारी ने पंचामृत एवं शिवनाथ नदी से लाए गए पवित्र अभिमंत्रित जल से भगवान का अभिषेक कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान की कृपा प्राप्ति हेतु सहस्रनामार्चना में भाग लिया। अष्टोत्तर शत कलशाभिषेकम के अंतर्गत भगवान बालाजी को 108 पवित्र कलशों से जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर भिलाई नादस्वरम ग्रुप के पीवी दयाकर व विनोद कुमार ने नादस्वरम, पीवी स्वामी ने ढोल और पी प्रवलिका ने झांझ पर संगत देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

सीटू का स्थापना दिवस

## सुरक्षित, सरल और जीवन बचाने वाला है रक्तदान, युवा पीढ़ी को किया प्रेरित



**भिलाई।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस सीटू के 57 वें स्थापना दिवस के अवसर पर हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन द्वारा सेक्टर-9 अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यूनियन के पदाधिकारियों सहित अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विनीता द्विवेदी, डॉक्टर कौशलेंद्र ठाकुर, डॉक्टर उदय धावाडे, अस्पताल प्रशासनिक अधिकारी शाहिद अहमद ने इस कार्यक्रम को प्रेरित किया वही ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर नीली एस कुजूर डॉ. दीपक कुमार दास मोहोपात्रा, राजीव शर्मा, रीता भटनागर एवं ब्लड बैंक स्टाफ संजय फुलजले, अजय कुमार आर्य, मिनाक्षी चरण, जितेन्द्र कुमार,शैल कुमारी सिंग,राजू सोरेन, लीलाधर, ढाकेश्वरी आदि उपस्थित थे। सीटू नेताओं ने कहा कि सीटू का यह प्रयास है कि रक्तदान शिविर के माध्यम से आम जनमानस एवं विशेष रूप से युवा पीढ़ी को प्रेरित किया जाए कि रक्तदान सुरक्षित, सरल और जीवन बचाने वाला कार्य है। युवाओं की भागीदारी से समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा और भविष्य में अधिक लोग इस महान कार्य से जुड़ेंगे।

सीटू द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में यूनियन के पदाधिकारी साथियों के साथ-साथ यूनियन के सामान्य सदस्यों एवं कर्मचारीगण रक्तदान अभियान में भागीदारी की। इनमें नान वर्क्स जोन से लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, मिल जोन के रेल मिल विभाग से केवेंद्र सुंदर,अरूण बेरा, बी आर एम से भागचंद जाटव कोक ओवन से राजेश तिवारी, डॉ गिरिधर चंद्रा, डी यल्ला राव, सुशील कुमार, चंद्र शेखर गौतम, रविनंदन, जितेंद्र जेटी, मोनिश हिरवानी,अमन कुमार, प्रकाश शर्मा, संतोष कुमार देवांगन आक्सीजन प्लांट 2 से जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी,पी बी एस से अशोक चरडे,सर्विसेज जोन के टी एंड डी विभाग से सविता मालवीय, ओम प्रकाश श्रीवास स्टील जोन के एस एम एस 2 से प्रवीण कालमेघ, लेखपाल सुधाकर,अनिल कुमार मेडिकल जोन से चंद्रिका भगत अग्रेश्वर प्रसाद, गौरव कुमार नहाटे, ऋषिकेश पात्रा शामिल है। रक्तदान करने वाले सदस्यों को अस्पताल प्रबंधन की तरफ से एक प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो और पेन प्रदान किया गया।

प्रगति भवन में हुआ आयोजन

## सेवानिवृत्त अधिकारियों की दीर्घ सेवा के लिए किया गया सम्मानित




**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा मई में सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा और उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन में किया गया। सेफी चेयरमेन एवं आफिसर्स एसोसएशिन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर सहित कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, उपाध्यक्ष रेमी थॉमस, सचिव प्रहलाद मौर्या उपस्थित थे। सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान किय गया। श्री बंछोर ने सम्मान राशि व अभिनंदन पत्र प्रदान कर पी सुब्बा राव, सीजीएम मार्केटिंग, प्रसादी भोई, जीएम लास्ट फर्नेस, मुजीब हुसैन, जीएम इंचार्ज ईडीडी, गुरमीत सिंह, जीएम पी मिल आरआर ठाकुर, जीएम पावर सिस्टम, बिपीन कुमार, जीएम आरसीएल, प्रमोद कुशालचंद मेश्राम, जीएम एसएमएस-2, वी एस विनय कुमार, जीएम आरएसएम, जयदेव दास, जीएम एसपी-2, अनिंध्या दास, जीएम ब्लास्ट फर्नेस - 8, रितुराज बारले, डीजीएम ओएचपी, रेजी, ओनोन्नी, डीजीएम ब्लास्ट फर्नेस, रणबीर पुन्न, एजीएम टीएसडी, आशीष कुमार दास, एजीएम एसएमएस-2, एजेकुमार लाहिरी, सीनियर मैनेजर टीएसडी, अनिता श्रीकुमार, मैनेजर एचआर-एलएंडडी, दिलीप कुमार तिवारी, मैनेजर सीएंडआईटी सम्मान किया। उन्होंने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जो उपलब्धियां हासिल किया गया है उन उपलब्धियां को हासिल करने में आप जैसे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का अहम योगदान रहा है। कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन ओए जोनल प्रतिनिधि दिनेश मानिकपुरी एवं जितेन्द्र मानिकपुरी ने किया।

निःशुल्क हृदय रोग शिविर का मरीजों को मिला लाभ, कालीबाड़ी में हुआ आयोजन

# कई लोगों में मिले हृदय रोग और मधुमेह के लक्षण

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** रविवार को सेक्टर-6 स्थित भिलाई नगर कालीबाड़ी परिसर में हृदय रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निःशुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर और भिलाई नगर कालीबाड़ी समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया।





शिविर में 34 लोगों की ईसीजी की गई। वहीं हृदय रोग के दो मरीजों को शीघ्र ऑपरेशन की सलाह दी गई। शिविर में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. स्नेहिल गोस्वामी ने मरीजों की जांच कर उन्हें हृदय रोगों के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों की जानकारी दी। सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, अनियमित धड़कन, जल्दी थकान, सीने में जलन तथा कंधे, बांह, पेट और पीठ में दर्द जैसी समस्याओं से पीड़ित लोगों ने विशेष रूप से शिविर का लाभ उठाया। आयोजकों द्वारा निःशुल्क रक्तचाप, ब्लड शुगर और ईसीजी जांच की व्यवस्था की गई थी। जांच के दौरान कई लोगों में हृदय रोग और मधुमेह से संबंधित प्रारंभिक लक्षण पाए गए, जिनके लिए चिकित्सकों ने आगे आवश्यक जांच और उपचार की सलाह दी। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चले शिविर में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। इस अवसर पर चिकित्सकों ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनावमुक्त जीवनशैली और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हृदय रोगों की रोकथाम के लिए जागरूकता और समय पर जांच सबसे प्रभावी उपाय है। हृदय रोग परामर्श शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. स्नेहिल गोस्वामी ने लोगों को धूम्रपान और तंबाकू सेवन छोड़ने की सलाह दी।



## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय यूथ म्यू थाई चैंपियनशिप में राज्य का 36 सदस्यीय दल



**रायपुर।** म्यू थाई एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से जूनियर, सब जूनियर बालक–बालिका (यूथ) वर्ग की राष्ट्रीय यूथ म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन 01 से 04 जून तक इन्दिरा गाँधी इंटरनेशनल स्टेडियम हल्द्वानी (उत्तराखंड) में किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओसी) से मान्यता प्राप्त संस्था आईएफएमए की भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन ऑफ इण्डिया (यूएमएआई) के तत्वावधान में होने वाली इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी भी भाग लेंगे।

छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यूथाई एसोसिएशन के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय आयोजन में भाग लेने हेतू प्रदेश म्यूथाई दल में कुल 27 यूथ म्यू थाई खिलाड़ियों और 09 अधिकारियों का दल घोषित किया गया है।

36 सदस्यीय दल में 27 खिलाड़ी (12 बालक, 15 बालिकायें) छत्तीसगढ़ म्यू थाई दल में विगत माह दल्ली राजहरा जिला बालोद में आयोजित 25वी राज्य स्तरीय म्यूथाई चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर स्थान बनाने में कामयाब रहे है जो 08-09, 10-11, 12-13, 14-15, 16-17 वर्ष के अलग अलग वजन वर्ग में भाग लेंगे।

इस राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में रायपुर जिले से सर्वाधिक 13 खिलाड़ी (09 बालक, 04 बालिका), बालोद से 12 खिलाड़ी (02 बालक, 10 बालिका), बस्तर से 01 बालक खिलाड़ी तथा दंतेवाड़ा से 01 बालिका खिलाड़ी छ.ग. राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे है। खिलाड़ियों में ऐशिनी वर्मा, समिधा अग्रवाल, बलजीत कौर, नुरवी मिलिंद वासनिक, नित्यम कुमार साहू, कुशाग्र कुमार साहू, अर्चित केशरवानी, संजीत मोहन्ती, आर्यमान सहगल, सूर्यान्श दुबे, श्रेयांश मित्तल, मोक्ष पटेल और आदित्य गुप्ता (सभी रायपुर), साधिके दुबे, हिमानी डड़सेना, मिनाली भंसारे, ट्विंकल टांडिया, सिद्धि निर्मलकर, काप्सा गुप्ता, सिमरन सिंह, सोनम साहू, वर्षा निर्मलकर, तनुश्री मीना, आदित्य झा और हर्ष कुमार (सभी बालोद), युवराज सिंह राजपूत (बस्तर) तथा छाया नाग (दंतेवाड़ा) छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। दल में राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू (बालोद) और महासचिव अनीस मेमन (रायपुर) आम सभा में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। अमन कुमार यादव एथलिट कमीशन के चेयरमैन के रूप में उपस्थित रहेंगे।

छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ म्यूथाई खिलाड़ी एवँ अंतरराष्ट्रीय निर्णायक हरबंश कौर (बालोद), प्रणव शंकर साहू (बालोद), टिकेश्वरी साहू (खेल एवँ युवा कल्याण दंतेवाड़ा) और स्टेट निर्णायक वाणी (बालोद) को आयोजन समिति द्वारा निर्णायक के रूप में तकनीकी कार्य हेतू आमंत्रित किया गया है। कोच मैनेजर का दायित्व जय कुमार (रायपुर), राजेंद्र सिंह राजपूत (बस्तर), प्रभा साहू (धमतरी), नजमा परवीन कुरैशी (काँकेर) निभाएंगे। एसोसिएशन के संरक्षक एवँ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री एवँ खेल मंत्री अरुण साव, खेल संचालक तनुजा सलाम आदि ने छत्तीसगढ़ म्यूथाई दल के यूथ खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी है।

### श्रीमंत बने नेशनल पैरा आर्म-रेसलिंग चैंपियन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के पैरा आर्म-रेसलर श्रीमंत झा ने गुजरात के गांधीनगर में 28 मई से 2 जून तक आयोजित नेशनल पैरा आर्म-रेसलिंग चैंपियनशिप में 85 किलोग्राम वजन वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने हरियाणा के खिलाड़ी को हराकर राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। अपनी इस ऐतिहासिक सफलता को श्रीमंत झा ने बस्तर में देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए जवानों को समर्पित किया है।

### रेलवे इंस्टिट्यूट वैरिशा में समर कैंप का समापन



**रायपुर।** रेलवे इंस्टिट्यूट वैगन रिपेयर शॉप, रायपुर द्वारा आयोजित "समर कैंप 2026" का भव्य समापन 29 मई को निर्मल कुमार भंडारी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। 1 मई से आयोजित इस समर कैंप में कुल 207 बच्चों ने भाग लिया। कैंप में बैडमिंटन, ताईक्वांडो, शतरंज, फुटबॉल, ड्राइंग, नृत्य, फन गेम्स, क्राफ्टिंग एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया।

सप्लीमेंट का अधिक सेवन हो सकता है खतरनाक

# अपनी सेहत बनाने के लिए फिश ऑयल से लेकर विटामिन डी सप्लीमेंट तक ले रहें, हो जाएं सचेत

बैलेंस डाइट या खाने से विटामिन, मिनरल की कमी पूरी नहीं हो पाती तो सप्लीमेंट का सेवन किया जाता है। फिटनेस इंडस्ट्री में कई तरह के हेल्थ सप्लीमेंट आ रहे हैं। इनका प्रयोग दिन-पर-दिन बढ़ रहा है। जब सप्लीमेंट की बात आती है, तो उनके बेनिफिट/स्वास्थ्य लाभ पर इतना प्रचार होता है कि कोई उनके साइड इफेक्ट की बात ही नहीं करता। उदाहरण के तौर पर बात करें तो आपने हमेशा व्हे प्रोटीन के फायदों के बारे में सुना होगा। लेकिन क्या आपने अधिक व्हे प्रोटीन लेने के साइड इफेक्ट के बारे में सुना है?

शायद नहीं, या फिर 1-2 बार। लेकिन उस पर भी विश्वास नहीं किया होगा। लेकिन यह सही है कि किसी भी चीज का अधिक सेवन करने से उसके नुकसान भी होते हैं। उसी तरह वेटलॉस सप्लीमेंट हो या पुरुषों के लिए हर्बल सप्लीमेंट हो, हर हेल्थ सप्लीमेंट का जरूरत से ज्यादा सेवन किया जाता है तो इसके साइड इफेक्ट भी होते हैं।

यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) किसी भी सप्लीमेंट की सेफ्टी और इफेक्टिवनेस के लिए उसकी सर्विंग के लिए जिम्मेदार नहीं होती है। इसके लिए मेकिंग कंपनी ही जिम्मेदार होती है कि उसका सप्लीमेंट पूरी तरह सही हो।


ठीक से उपयोग किए जाने पर



कुछ सप्लीमेंट फायदा पहुंचा सकते हैं। लेकिन कुछ सप्लीमेंट की गलत मात्रा शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए आज मैं आपको कुछ ऐसे कॉमन सप्लीमेंट के बारे में बता रहा हूं, जिनका अधिक प्रयोग सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकता है।

#### विटामिन डी

ह्यूमन बॉडी में 13 एसेंशियल विटामिन होते हैं, जिनमें विटामिन डी भी एक है। अक्सर जो लोग डेस्क जॉब करते हैं उनमें विटामिन-डी की कमी रहती है क्योंकि वे धूप में कम निकल पाते हैं। आपको यह जानकारी तो होगी ही कि विटामिन डी का मुख्य सोर्स सूर्य की रोशनी यानी धूप है।



विटामिन डी सप्लीमेंट दो रूपों में उपलब्ध होता है, विटामिन डी 2 (एर्गोकैल्सिफेरोल या प्री-विटामिन डी) और विटामिन डी 3 (कॉलेकैल्सिफेरॉल)। विटामिन डी2 पौधों एवं कवक में पाया जाता है। वहीं विटामिन डी3 मनुष्यों और जानवरों में उत्पन्न होता है। हमारी बॉडी को भी विटामिन डी3 की जरूरत होती है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के मुताबिक जो लोग हल्की धूप में रहते हैं, उन्हें 400 आईयू प्रतिदिनविटामिन डी की आवश्यकता होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक 600 से 800 आईयू के बीच विटामिन डी की मात्रा लेनी चाहिए। अगर आप बिल्कुल धूप में नहीं निकलते हैं तो यह मात्रा 1,000 IU तक पहुंच सकती है।

हावर्ड यूनिवर्सिटी के मुताबिक 19 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों के लिए रोजाना रिकमेंडेड मात्रा पुरुषों और महिलाओं के लिए प्रतिदिन 600 आईयू है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए रोजाना 800 आईयू विटामिन डी लेना बताया गया है।

क्लीवलैंड क्लिनिक के मुताबिक, विटामिन डी की अधिक खुराक लेना भी सही नहीं है। स्वस्थ लोगों में 100 नैनोग्राम प्रति मिलीलीटर (एनजी / एमएल) से अधिक



विटामिन डी ब्लड लेवल अधिक कैल्शियम अब्जॉर्ब करने लगता है, जिससे मांसपेशियों में दर्द, मूड डिसऑर्डर, पेट दर्द, हड्डी कमजोर और किडनी स्टोन जैसी समस्याएं भी होने लगती हैं। साथ ही यह दिल का दौरा और स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ा सकती है।

विटामिन डी की मात्रा बनाए रखने के लिए दैनिक आहार में सैल्मन मछली, टूना मछली, दूध, मशरूम और फोर्टिफाइड अनाज शामिल करें। 10-15 मिनट कम धूप में भी रह सकते हैं।

#### फिश ऑयल सप्लीमेंट

ओमेगा -3 फैटी एसिड से भरपूर, मछली के तेल / फिश ऑयल को हार्ट डिजीज कम करने के लिए जाना जाता है। हालांकि, द न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में 3 जनवरी, 2019 को पब्लिश हुई स्टडी के मुताबिक ओमेगा-3 फैटी एसिड की खुराक ने मध्यम आयु वर्ग, वृद्ध पुरुषों और महिलाओं में दिल के दौरे, स्ट्रोक या हार्ट डिजीज से होने वाली मौतों को कम करने में बिल्कुल योगदान नहीं दिया था।



### बढ़ती उम्र में पेट की चर्बी कम करने के लिए अपनाएं एक्सरसाइज

बढ़ती उम्र में हार्मोनल बदलाव के कारण महिलाओं के शरीर में कई तरह के बदलाव आते हैं। चेहरे पर झुर्रियां आने लगती हैं, वजन बढ़ने लगता है और मसल्स और हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। हालांकि, हमेशा जवां बने रहने का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। लेकिन, हां अपने शरीर को शेप में रखने की कोशिश कर सकते हैं। इससे आप खुद का ख्याल रखते हुए जवां महसूस कर सकते हैं। महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान की पेट की बढ़ती चर्बी से रहती हैं। एब्स को टोन करना सिर्फ इस बात पर निर्भर नहीं करता कि आप कैसे दिखते हैं? पेट की मसल्स आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए जरूरी होती हैं। बढ़ती उम्र में मजबूत कोर आपको तनाव या चोट से बचने में मदद करती है। यहां कुछ एब्स वर्कआउट दिए गए हैं, जिन्हें बढ़ती उम्र की महिलाओं को अपने फिटनेस रूटीन में जरूर शामिल करना चाहिए। इसकी जानकारी हमें सेलिब्रिटी फिटनेस एक्सपर्ट यास्मीन कराचीवाल के इंस्टाग्राम अकाउंट से मिली है।

#### सिंगल लेग स्ट्रेच

पीठ के बल लेट जाएं। घुटनों को मोड़कर पैरों को जमीन



पर रखें। हाथों को सिर के पीछे रखें। सिर, गर्दन और कंधों को जमीन से ऊपर उठाएं। इससे पेट की मसल्स पर प्रेशर महसूस होगा। घुटनों को चेस्ट के पास लाएं। दाएं पैर को सीधा फैलाएं। दोनों हाथों को बाईं पिंडली पर रखें। ऐसा करते समय अंदर वाले हाथ को घुटने और बाहर वाले हाथ को टखने के पास रखें। दूसरे पैर से एक्सरसाइज को दोहराएं। बेहतर रिजल्ट के लिए कम से कम 6-8 रैप्स में करें।

#### डबल लेग स्ट्रेच

पीठ के बल लेट जाएं। घुटनों को मोड़कर पैरों को जमीन पर रखें। गर्दन और कंधों को ऊपर उठाएं। हाथों से अपने सिर को सहारा दें। दोनों पैरों को जमीन से ऊपर उठाएं। घुटनों को चेस्ट की ओर लेकर जाएं। पैरों को ऊपर उठाते हुए दोनों हाथों को सिर के साथ पीछे की ओर सीधा स्ट्रेच करें। हाथों और पैरों को स्ट्रेच करते समय गहरी सांस लें। सांस छोड़ते हुए हाथों को सिर के ऊपर वापस लाएं। इसे भी 6-8 रैप्स में करें।

#### सिंगल स्ट्रेट लेग स्ट्रेच

पीठ के बल लेट जाएं। घुटनों को मोड़कर पैरों को जमीन पर रखें। सिर, गर्दन और कंधों को चटाई से थोड़ा ऊपर उठाएं। फिर बाएं पैर को ऊपर की ओर सीधा उठाएं। पैर और जमीन के बीच 90 डिग्री की दूरी बनाएं। बाएं पैर उठाते हुए दाएं हाथ को बाएं टखने की ओर ले जाएं। दूसरे हाथ को साइड में रखें। पैर बदलते रहें। इस एक्सरसाइज को 6-8 बार दोहराएं

#### डबल स्ट्रेट लेग स्ट्रेच

जमीन पर पीठ के बल लेट जाएं। सिर, गर्दन और कंधों को ऊपर की ओर उठाएं। सहारा देने के लिए हाथों को सिर के पीछे रखें। जमीन से 90 डिग्री का कोण बनाए रखते हुए पैरों को सीधा और एक साथ रखें। सांस लेते हुए पैरों को ऊपर की ओर उठाएं। पैरों को सीधा रखें। अब, सांस छोड़ते हुए पैरों को जमीन की ओर नीचे करें। इस एक्सरसाइज को कम से कम 6-8 बार दोहराएं।



## किचन में बैठकर भोजन करने का ज्योतिषीय दृष्टिकोण जरूर जानें



ज्योतिषशास्त्र में न जाने कितने ऐसे नियम बनाए गए हैं जो हमारे दैनिक जीवन से जुड़े हुए होते हैं। ऐसे ही नियमों में से हैं खाने से जुड़ी कई बातें। खाना हमेशा साफ़ तन और मन से खाना चाहिए, भोजन से पहले मंत्रोच्चारण जरूर करना चाहिए, भोजन से पूर्व हमेशा हाथों और पैरों को धोना चाहिए। ऐसे कई नियम हैं जो हम नियमित भोजन करते समय ध्यान में रखते हैं जिससे इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ सके। एक और सबसे ज्यादा चर्चित सवाल यह उठता है कि क्या किचन में बैठकर खाना खाना ठीक है? जी हां, आज भी कई ऐसे घर हैं जहां लोग किचन में बैठकर भोजन करते हैं या फिर खाने और खाना बनाने का स्थान एक ही जगह पर होता है।

लेकिन अगर हम ज्योतिष की बात करें तो क्या वास्तव में किचन में भोजन करना ठीक है या इसके कोई नुकसान भी हो सकते हैं। इस पर जानकारी दे रहे हैं ज्योतिष अनिल जैन ।

#### किचन में बैठकर खाना राहु को प्रसन्न करने का तरीका

पहले के समय में लोग किचन में बैठकर ही खाना खाते थे। आज भी यदि हम ग्रामीण परिवेश में जाते हैं तो रसोई घर में ही खाना खाने का प्रचलन है। दरअसल ज्योतिष में इसका बहुत अधिक महत्व है और इसका संबंध राहु ग्रह से माना जाता है।

ऐसा माना जाता है कि राहु यदि अप्रसन्न है तो इसका सीधा असर हमारे जीवन और स्वास्थ्य में पड़ता है। इस ग्रह को शांत करने और खुश करने के लिए रसोई में बैठकर भोजन करने की सलाह दी जाती है। ऐसा माना जाता है कि यदि कोई भी किचन में बैठकर शुद्धता से भोजन करता है तो उस पर कभी भी राहु का बुरा प्रभाव नहीं पड़ता है। इसी वजह से कई घरों में किचन के साथ ही डाइनिंग एरिया होता है।

जब किचन के भीतर हम एक साथ भोजन करते हैं तो परिवार के लोगों के बीच सामंजस्य स्थापित करने में मदद मिलती है।

## शिव जी को नारियल क्यों नहीं चढ़ाया जाता?



लोग भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा करते हैं। शिवलिंग पर पूजा करते समय लोग कई चीजों को अर्पित करते हैं। बेलपत्र, भांग, धतूरा, आदि भोलेनाथ को अति प्रिय हैं। भगवान शिव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। लोग बेलपत्र, धतूरा, तिल,भांग आदि शिवलिंग पर चढ़ाते हैं, लेकिन ऐसी भी चीजें होती हैं, जिन्हें शिवलिंग पर चढ़ाने से भगवान नाराज भी हो सकते हैं। चलिए जानते हैं कि भगवान शिव पर नारियल क्यों नहीं चढ़ाना चाहिए।

#### शिवलिंग पर क्यों न चढ़ाएं नारियल

पौराणिक कथाओं के अनुसार, शिवलिंग पर आप नारियल अर्पित कर सकते हैं, लेकिन कभी भी शिवलिंग पर नारियल के जल का अभिषेक नहीं करना चाहिए। दरअसल नारियल को देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है, जिनका संबंध भगवान वि ष्णुक से है और इसलिलए शिषव जी को यह नहीं चढ़ाया जाता है।

माता लक्ष्मी भगवान विष्णु की अर्धांगिनी हैं और नारियल को श्रीफल भी कहा जाता है और इसे माता लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है इसलिए इसका प्रयोग भगवान शिव की पूजा में नहीं होता है।इन चीजों को शिव जी की पूजा में न करें शामिल

भगवान शिव ने शंखचूड़ नाम के एक असुर का वध किया था। वह भगवान वितष्णु का भक्त था। इस कारण से शंख को उसी असुर का प्रतीक माना जाता है और इसलिए विष्णु भगवान की तो पूजा शंख का उपयोग होता है लेकिन भगवान शिव की पूजा में शंख का उपयोग नहीं होता है।

कार्नर न्यूज

आमतौर पर इंट्रोवर्ट होना नकारात्मक माना जाता है लेकिन परिणाम हैं अलग

# इंट्रोवर्ट होने के मिलते हैं कई लाभ, याददाश्त और समस्याओं को सुलझाने में होते हैं अधिक सक्षम

स्वाभाविक रूप से हर किसी का व्यक्तित्व और उसके व्यवहार का तरीका एक दूसरे से भिन्न हो सकता है। कुछ लोग, दूसरों से मिलने-जुलने, बातचीत करने और आपसी संबंध बनाने में काफी सहज होते हैं, जबकि कुछ लोगों के लिए यह काम काफी कठिन हो सकता है। अगर आपको लगता है कि इंट्रोवर्ट व्यक्तित्व वाले लोगों के लिए जीवन कठिन होता है तो अध्ययन में इसके उलट परिणाम देखे गए हैं।

शोधकर्ताओं की टीम ने बताया कि इंट्रोवर्ट व्यक्तित्व कई प्रकार के गुणों वाला हो सकता है, इसके अपने प्रकार के कई लाभ हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि इंट्रोवर्ट व्यक्तित्व वाले लोग चीजों को अच्छी तरह से याद रखने और समस्याओं को आसानी से सुलझाने वाले होते हैं। इस तरह के व्यक्तित्व के कई व्यवहारिक लाभ हो सकते हैं। यहां आपके लिए समझना जरूरी है कि इंट्रोवर्ट व्यक्तित्व वाले लोग अपने आंतरिक विचारों पर ध्यान केंद्रित करने में अधिक सहज महसूस करते हैं। वे बड़े समूहों या भीड़ के बजाय केवल एक या दो लोगों के साथ समय बिताना पसंद करते हैं।



#### इंट्रोवर्ट और एकस्ट्रोवर्ट

जब आप इंट्रोवर्ट शब्द सुनते हैं, तो आप किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में सोच सकते हैं जो शर्मीला या शांत है और अकेला रहना पसंद करता है। हालांकि उनका व्यक्तित्व इससे अलग बहुत कुछ हो सकता है। इसके बारे में मनोवैज्ञानिकों की भी अलग-अलग थ्योरी है। साल 1920 में कार्ल जंग नाम के एक मनोवैज्ञानिक ने इंट्रोवर्ट और एक्सट्रोवर्ट शब्दों का उपयोग करना शुरू किया। जंग ने बताया कि अमेरिका में करीब एक तिहाई लोग इंट्रोवर्ट हो सकते हैं। हालांकि अध्ययनों में यह स्पष्ट नहीं है कि किन कारणों से आप इंट्रोवर्ट या एकस्ट्रोवर्ट होते हैं।

#### डोपामाइन के साथ होने वाली प्रतिक्रिया

इंट्रोवर्ट लोगों के दिमाग की स्थिति को लेकर शोधकर्ताओं ने अध्ययन किया जिसमें पाया गया कि इंट्रोवर्ट लोगों में ब्रेन कैमिकल और मैंसेंजर भी अलग तरह से व्यवहार करता है। इंट्रोवर्ट लोगों का दिमाग, एक्स्ट्रोवर्ट लोगों की दिमाग की तुलना में डोपामाइन पर अलग तरह से प्रतिक्रिया करता है। डोपामाइन रसायन आपके मस्तिष्क के पुरस्कृत होने और आनंद चाहने वाले हिस्से को सक्रिय कर देता है।

वैसे तो इंट्रोवर्ट और एक्सट्रोवर्ट दोनों प्रकार के लोगों में इस रसायन की मात्रा समान होती है,



लेकिन इंट्रोवर्ट लोगों को इससे अधिक लाभ मिलने की संभावना के बारे में पता चलता है।

#### अध्ययन में क्या पता चला?

शोध में वैज्ञानिकों की टीम ने पाया कि इंट्रोवर्ट लोगों के फ्रंटल लोब में रक्त का प्रवाह अधिक होता है। फ्रंटल लोब , मस्तिष्क का वह हिस्सा होता है जो आपको चीजों को याद रखने, समस्याओं को हल करने और आगे की योजना बनाने में मदद करता है। जिसका मतलब है कि इंट्रोवर्ट लोग अधिक गुणवत्ता के साथ चीजों को बेहतर ढंग से डील करने में सक्षम होते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ब्रिटिश सिंगर दुआ ने दिग्गज टेक कंपनी पर ठोका मुकदमा; कॉपीराइट तस्वीर से जुड़ा है मामला



ब्रिटिश पॉप स्टार दुआ लीपा ने एक दिग्गज टेक कंपनी पर मुकदमा ठोंका है। सिंगर ने अपनी एक कॉपीराइट तस्वीर के गलत इस्तेमाल का दावा किया है। साथ ही कंपनी से हर्जाने में करोड़ों की रकम मांगी है।

ब्रिटिश सिंगर दुआ लिपा ने इलेक्ट्रॉनिक्स की एक दिग्गज कंपनी पर केस ठोंका है। मामला सिंगर की एक तस्वीर के बिना अनुमति इस्तेमाल से जुड़ा है। दुआ लीपा ने कंपनी के खिलाफ लीगल एक्शन लेते हुए हर्जाने में करोड़ों रुपये मांगे हैं। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, 'सिंगर दुआ लीपा ने टेक कंपनी सैमसंग पर 15 मिलियन डॉलर (करीब 125 करोड़ रुपये) का मुकदमा दायर किया है। उनका आरोप है कि कंपनी ने बिना उनकी अनुमति के टीवी की पैकेजिंग पर उनकी तस्वीर का इस्तेमाल किया'।

यह मुकदमा शुक्रवार को कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट में दायर किया गया था। ग्रैमी विजेता गायिका ने टेक कंपनी सैमसंग पर कॉपीराइट उल्लंघन, ट्रेडमार्क उल्लंघन और अपने प्रचार के अधिकार के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि कंपनी ने कथित तौर पर टेलीविजन के प्रचार और बिक्री के लिए उनकी तस्वीर का इस्तेमाल किया। शिकायत के अनुसार, दुआ लीपा ने दावा किया कि 2024 में ऑस्टिन सिटी लिमिट्स म्यूजिक फेस्टिवल के दौरान ली गई उनकी एक बैकस्टेज तस्वीर का इस्तेमाल, 2025 से शुरू होने वाले सैमसंग टेलीविजन के कई मॉडलों की पैकेजिंग पर किया गया। गायिका ने कहा कि उस तस्वीर का कॉपीराइट उन्हीं के पास है।

### टॉलीवुड

## सीएम विजय के बेटे जेसन की पहली फिल्म 'सिग्मा' आएगी जुलाई में



तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय के बेटे जेसन संजय की पहली निर्देशित फिल्म 'सिग्मा' की रिलीज डेट अब सामने आ गई है। मेकर्स ने आज फिल्म की रिलीज डेट घोषित कर ये जानकारी दी कि फिल्म कब सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

संदीप किशन स्टारर 'सिग्मा' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सुबास्करन द्वारा लाइका प्रोडक्शंस बैनर के तहत निर्मित यह फिल्म फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन में है और जल्द ही सेंसर कमेटी को भेजी जाएगी। निर्माताओं ने 'सिग्मा' को एक रोमांचक हाइस्ट (डकैती) फिल्म बताया।

फिल्म के लेखक और निर्देशक जेसन ने हाल ही में कहा कि उनकी पहली फिल्म में एक्शन, कॉमेडी, ट्रेजर-हंट हीस्ट की कहानी देखने को मिलेगी। टीजर में संदीप किशन को जेसन संजय की पहली निर्देशित फिल्म में एक रोमांचक मिशन पर निकले व्यक्ति के रूप में दिखाया गया है।

संदीप किशन के साथ फिल्म में फारिया अब्दुल्ला, राजू सुंदरम, संपत राज, शिव पंडित, अंबु थासन, योग जपी, मगलक्ष्मी, शीला राजकुमार, कमलेश और किरण कोंडा शामिल हैं। कलील राजा, संजीव एस और अजय अशोक को एक्स्ट्रा स्क्रिप्ट राइटर के रूप में क्रेडिट दिया गया है।

'सिग्मा' में थमन एस का म्यूजिक है। फिल्म की शूटिंग चेन्नई, थाईलैंड, थलाकोना और सलेम सहित कई स्थानों पर पूरी हो चुकी है। सिग्मा को अभी सेंसर सर्टिफिकेट मिलना बाकी है।

### भोजपुरी

## 18 साल बाद भी 'लॉलीपॉप लागेलू' मचा रहा धूम, मिल चुके हैं करोड़ों व्यूज



भोजपुरी इंडस्ट्री का एक गाना 18 साल बाद भी लोगों की जुबान पर चढ़ा हुआ है। पवन सिंह की आवाज में रिलीज हुआ ये गाना बिहार-यूपी से निकलकर विदेशों तक छा गया और आज भी करोड़ों व्यूज बटोर रहा है। इसी गाने ने पवन सिंह को ग्लोबल पहचान दिलाई।

भोजपुरी इंडस्ट्री में कई कमाल के गाने बने हैं, जिसे लोग काफी पसंद करते हैं, लेकिन इनमें से कई गाने आते हैं और चले भी जाते हैं, लेकिन कुछ ऐसे होते हैं जो सालों बाद भी लोगों की जुबान पर बने रहते हैं। एक ऐसा ही गाना 18 साल पहले आया था, जिसने रिलीज होने के कुछ वक्त बाद ही बिहार-यूपी ही नहीं, बल्कि देश-विदेश में भी छा गया था। आसान शब्द, कैची म्यूजिक और अलग अंदाज की वजह से ये गाना इतना वायरल हुआ कि इसे हर शादी, पार्टी और स्टेज शो में बजाया जाने लगा। यही गाना पवन सिंह के करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ और उन्हें ग्लोबल पहचान दिला गया। आज भी इस गाने के करोड़ों व्यूज हैं और इसका क्रेज कम नहीं हुआ है। पवन सिंह भोजपुरी सिनेमा के जाने माने सुपरस्टार हैं, एक्टर के तौर पर तो लोग उन्हें पसंद करते ही हैं, लेकिन बतौर सिंगर उन्होंने ग्लोबल लेवल तक अपनी पहचान बनाई है। वैसे तो पवन सिंह के कई गाने लोग रिपीट मोड में सुनते हैं, लेकिन उनमें से एक गाना ऐसा है, जिसको रिलीज हुए काफी वक्त हो गया है, लेकिन आज भी लोग इसे पसंद करते हैं। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं, वो है 'लॉलीपॉप लागेलू'। हाल ही में इस गाने की चर्चा फिर से इसलिए बढ़ गई है, क्योंकि अजरबैजान में लोगों ने इस गाने पर परफॉर्म किया, जो कि ये दिखाता है कि विदेशों में ये गाना आज भी पसंद किया जाता है।

## 'गुच्ची-मय' दुनिया

हाल ही में टाइम्स स्क्वायर की लगभग 50 स्क्रीन एक साथ रोशन हो उठीं, ताकि डेम्ना की गुच्ची की नई पेशकश दिखाई जा सके। अमेरिकी उपभोक्तावाद और उसकी साधारणता को समर्पित एक प्रस्तुति, जिसमें विज्ञापनों की एक श्रृंखला के ज़रिए एक 'गुच्ची-मय' दुनिया को बढ़ावा दिया गया था। इनमें से ज़्यादातर विज्ञापन काल्पनिक उत्पादों को दर्शा रहे थे और उनमें से ज़्यादातर एआई से बनाए लग रहे थे। बस फेलिनी की फ़िल्म 'ला डोल्से वीटा' का एक छोटा सा अंश इसका अपवाद था, जो इस पूरी प्रस्तुति को एक 'इतालवी अनुभव' के तौर पर पेश करने का काम कर रहा था।

लाइफ स्टाइल




## दिखना है स्टाइलिश तो इन आउटफिट के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी

जब भी ज्वेलरी की बात आती है तो इन्हें ट्राई करने के लिए महिलाएं हमेशा रेडी रहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम चाहते हैं कि जो भी हम स्टाइल करें उसमें खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए अलग-अलग ज्वेलरी शॉपिंग भी हम करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि एक जैसी ज्वेलरी पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। ये दिखने में काफी रॉयल लगती है साथ ही इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाते हैं।

### पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आपको ज्वेलरी डिजाइन में कुछ नया ट्राई करने का मन है तो ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जैसे- लेयर पर्ल ज्वेलरी, सिंगल लेयर पर्ल ज्वेलरी और हैवी पर्ल ज्वेलरी सेट। इन्हें आप अलग-अलग तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके सेट इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं। मार्केट में इस तरीके के डिजाइन आपको 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएंगे।

### पर्ल इयररिंग्स



मार्केट नें आपको कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप आउटफिट के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग लेयर वाले इयररिंग्स (ऑफिस वियर के लिए इयररिंग्स) और स्टड वाले इयररिंग मिल जाएंगे। जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर भी मिल जाएंगे। इस तरीके के डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। ये दिखने में काफी क्लासी लगते हैं और स्टाइल करने में भी इजी होते हैं।

### पर्ल ब्रेसलेट

अगर आपको हाथों में अलग-अलग तरह की एक्सेसरीज पहनना पसंद है तो इसके लिए आप पर्ल ब्रेसलेट (ब्रेसलेट डिजाइन) के अलग-अलग डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। इसमें आपको लेयर वाले ब्रेसलेट और सिंगल ब्रेसलेट डिजाइन भी मिलेंगे। जिन्हें आप मार्केट से खरीद सकती हैं। इसमें आपको डिजाइन के साथ-साथ अलग-अलग कलर भी मिलेंगे।

इस तरीके से आप पर्ल डिजाइन वाले ज्वेलरी को स्टाइल करके अपने लुक को खूबसूरत बना सकती हैं। ये दिखने में भी अच्छी लगती है साथ ही स्टाइल करने के बाद रॉयल लगती हैं। आप इन्हें मार्केट से जाकर भी खरीद सकती हैं और ऑनलाइन भी आपको ये ज्वेलरी मिल जाएगी।

## सिल्क साड़ी के साथ इन ब्लाउज डिजाइन को करें स्टाइल, लगेंगी खूबसूरत



स्टाइलिश दिखना हर लड़की को पसंद होता है। इसके लिए हम अपने वार्डरोब को हमेशा अपडेट करते रहते हैं। एथनिक वियर की बात करें तो लड़कियों को सबसे ज्यादा साड़ी पहनना पसंद होता है। ये लुक एवरग्रीन होता है। लेकिन साड़ी में भी आपका लुक तभी परफेक्ट नजर आता है जब उसके साथ ब्लाउज डिजाइन अच्छा होता है। इसलिए अगर आप सिल्क साड़ी पहनने के बारे में सोच रही हैं तो इसके साथ आपको अपने ब्लाउज डिजाइन पर भी खास ध्यान देना चाहिए। तभी आप इसमें खूबसूरत नजर आएंगी। हालांकि आपको मार्केट में कई सारे रेडिमेड ब्लाउज मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप इन डिजाइन को खुद बनवाकर स्टाइल करेंगी तो लुक परफेक्ट दिखाई देगा।



### पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन



आजकल पुराना ट्रेंड वापस आ रहा है ऐसे में आप भी इस ट्रेंड को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए सबसे बेस्ट है पफ स्लीव्स ब्लाउज। अगर आपकी बाजू हैवी है और आपको पसंद नहीं है कि वो ज्यादा हाईलाइट हो तो उन्हें छुपाने के लिए आप पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको नेक सिंपल डिजाइन का क्रिएट कराना होगा। इसके साथ स्लीव्स पर प्लेट्स बनाकर उसमें पफ क्रिएट कराना होगा। आप चाहे तो साड़ी से मेचिंग गोटा ब्लाउज की स्लीव्स में लगवा सकती हैं। लुक को और खूबसूरत बनाने के लिए आप इसके साथ बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं और मेकअप को मैट रख सकती हैं।

### कट स्लीव्स ब्लाउज

अगर आप सिंपल ब्लाउज डिजाइन सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करना चाहती हैं तो इसके लिए परफेक्ट डिजाइन है कट स्लीव्स ब्लाउज को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप चाहे तो आगे और पीछे के डिजाइन को डीप बनवा सकती हैं।

## छोटे चेहरे पर खूब जचेंगे इयररिंग्स के कुछ बेहद खूबसूरत डिजाइंस

स्टाइलिश दिखने के लिए हम अपने लुक में तरह-तरह के बदलाव करते हैं। वहीं आउटफिट को चुनने के बाद बारी आती है स्टाइलिंग करने की। बता दें कि स्टाइलिंग करने के लिए ज्वेलरी चुनना बेहद अहम होता है और इसके लिए आपको अपने आउटफिट के साथ-साथ फेस शेप का भी मालूम होना जरूरी होता है। चेहरे के आकार के हिसाब से इयररिंग्स चुनने से आपके फेस स्ट्रक्चर पर डिजाइन खूबसूरत नजर आता है, लेकिन इस तरह की जानकारी हम सभी को नहीं होती है। खासकर छोटे आकार के चेहरे वालों को अपने लिए परफेक्ट इयररिंग्स चुनने में काफी परेशानी होती है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं इयररिंग्स के कुछ ऐसे डिजाइंस जो खासकर छोटे आकार के चेहरे पर खूबसूरत नजर आयेंगे। साथ ही बताएंगे इन इयररिंग्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

### हूप इयररिंग डिजाइन

हूप में आपको कई डिजाइन और साइज देखने को नजर आ जाएंगे, लेकिन अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप चौड़े और छोटे साइज के हूप इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको प्लान हूप से लेकर स्टोन और कलरफुल में भी कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे।




### झुमकी इयररिंग डिजाइन

आजकल आपको मार्केट में हर साइज और वजन की झुमकी मिल जाएंगी। वहीं अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप डॉम डिजाइन की झुमकी को स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा आप किसी भी तरह के छोटे साइज और बारीक डिजाइन वाली झुमकी इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं।

## चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए इन टिप्स से करें आइब्रो को घना

चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाती है आईब्रो। ऐसे में जरूरी है कि इन्हें घना करने के लिए हमें भी कुछ तरीकों को ट्राई करना चाहिए। हर एक महिला की आईब्रो की डेंसिटी अलग-अलग होती है। वहीं कुछ महिलाओं की आईब्रो कुछ ज्यादा ही घनी होती हैं, तो किसी की पतली। भले ही आपकी स्किन टोन कुछ भी हो लेकिन चेहरे का निखार तब बाहर आता है जब आईब्रो की शेप सही होती है। इसलिए महिलाएं अपनी आईब्रो को लेकर काफी सचेत रहती हैं। पार्लर में भी आइब्रो बनवाते हुए कई बार चीजों को बताती हैं। वहीं कुछ ऐसी होती हैं जो उन्हें घना करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। अगर आप चाहे तो इसके लिए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो घनी भी दिखाई देंगी साथ ही रंग भी गहरा हो जाएगी। इन घरेलू नुस्खों में किसी तरह का कोई भी केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसलिए आपको कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होगा। आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह लेकर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

हेल्थ, स्किन और बालों के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल घर में किया जाता है। इसके इस्तेमाल की सलाह हमारी नानी



और दादी भी देती हैं। एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल लें। फिर इसे अपनी आईब्रो (आईब्रो के लिए तेल का इस्तेमाल) में लगाकर अच्छे से मसाज करें। इसे दिन में बार अपनी आइब्रो पर लगाएं और अच्छे से मसाज करें। इसके इस्तेमाल से आइब्रो की ग्रोथ जल्दी ही बढ़ने लगेगी। आप चाहे तो एलोवेरा के साथ ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### पुराने कपड़े फेंके नहीं बल्कि उन्हें नए ढंग से लाएं काम में

## फटे-पुराने कपड़ों से भी आप अपने घर को दे सकती हैं नया लुक, सजाने के लिए इन्हें ऐसे करें इस्तेमाल

घर में मौजूद पुराने कपड़ों को लोग अक्सर फेंक देते हैं, जो गलत है। आप घर की सजावट जैसे कामों के लिए पुराने कपड़े इस्तेमाल कर सकते हैं। आजकल कोई भी कपड़ा खरीदना हो उसकी कीमत बहुत ज्यादा होती है। यही कारण है कि फटे और पुराने कपड़ों को फेंकते वक्त लोगों को बहुत दुख होता है। पुराने कपड़ों का फेंकना गलत भी है, क्योंकि आप उन्हें घर के अलग-अलग कामों के लिए यूज कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि कैसे आप पुराने कपड़ों से घर को खूबसूरत लुक दे सकते हैं।

### पुराने कपड़ों से बनाएं शोपीस

घर पर मौजूद पुराने कपड़ों से आप शोपीस तैयार कर सकते हैं। शोपीस बनाने के लिए आपको चाहिए एक खाली बोतल। बोतल को ऊपर से काट दें, ताकी उसका मुंह बड़ा हो जाए। अब बोतल को किसी कपड़े से कवर करें और अलग-अलग रंग के कपड़ों को काटकर फूल जैसे डिजाइन बनाकर बोतल पर लगाएं। आप बोतल पर घर में मौजूद एक्स्ट्रा बटन और स्टोन भी लगा सकते हैं। इस डेकोरेटेड बोतल को आप फ्लावर पॉट या पेन स्टैंड की तरह यूज कर सकते हैं।



खराब कपड़ों से बनाएं कुशन कवर

खराब कपड़ों से आप कुशन कवर भी बना सकते हैं। जैसे शर्ट और लांग सकर्ट को बराबर काट कर और चारों तरफ से सिलकर आप कुशन का कवर तैयार कर सकते हैं। वहीं, अगर आपके पास कुशन कवर है, तो आप शर्ट के बटन आदी लगाकर कुशन के कवर को सजा सकते हैं।

### पुराने कपड़ों से बनाएं वॉशिंग मशीन का कवर

घर में रखी वॉशिंग मशीन अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में आप पुराने कपड़ों से वॉशिंग मशीन कवर बना सकते हैं। वाशिंग मशीन का कवर चूहों की समस्या से भी वॉशिंग मशीन को सुरक्षित रखता है।

### पुराने कपड़ों से दरवाजों को सजाएं

इन सभी टिप्स के अलावा आप घर के दरवाजों के हैंडल को खास लुक देने के लिए भी पुराने कपड़ों को यूज कर सकते हैं। हैंडल का कवर बनाने से दरवाजा साफ भी रहेगा और थोड़ा अलग भी दिखेगा।



